नई दिल्ली
गुरुवार, 11 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 27, अंक : 277
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 17
न्यून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 22 से चार देशों का टूर्नामेंट, भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

## उद्धव गुट की याचिका को स्पीकर राहुल नार्वेकर ने किया खारिज

स्पीकर ने कहा कि असली पार्टी का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका है। 2018 का लीडरशिप स्ट्रक्चर ही विश्वस्त है। उसमें पक्ष प्रमुख यानी पार्टी अध्यक्ष की व्याख्या की गई है। हमने भी उसे ही मान्यता दी है। वही उच्चतम पद है।

स्पीकर ने कहा कि उद्धव ठाकरे पार्टी नियमों के तहत ही पार्टी के नेता बने थे

# विस अध्यक्ष ने माना- 16 विधायक योग्य शिंदे ही शिवसेना के असली 'किंग'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट पर अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि 16 विधायक योग्य हैं और शिंदे ही शिवसेना के असली किंग हैं। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे भी पार्टी नियमों के तहत ही पार्टी के नेता बने थे। स्पीकर ने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे को हटाने का अधिकार उद्धव को नहीं है। करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत की थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था और महाविकास अघाड़ी सरकार गिरी थी। घटना के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की थीं।



### ये हुआ था?

करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था।

### 'असली पार्टी' का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका



*स्पीकर ने कहा कि शिवसेना के संविधान में नेतृत्व ढांचे में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 19 सदस्य होंगे। 14 चुने जाएंगे। पांच मनोनीत होते हैं। शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट का भी उल्लेख करते हुए आभार जताया। इस पूरे मामले में जो सबसे खास सवाल था कि, क्या 21 जून की एसएसएलपी बैठक से विधायकों की अनुपस्थिति अयोग्यता का कारण बनती है? इस पर स्पीकर ने कहा कि इस आधार पर मेरा मानना है कि शिंदे गुट को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि शिंदे गुट ही असली पार्टी थी और गुट के उभरने के बाद से ही सुनील प्रभु सचेतक नहीं रहे।*

## खबर संक्षेप

### गूगलः एंड्रॉयड यूजर्स के लिए 4 नए फीचर्स



**नई दिल्ली।** गूगल अपने यूजर्स के लिए कई तरह की सर्विस उपलब्ध कराती है। कंपनी अब एंड्रॉयड यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए नए फीचर्स लाने जा रही है। गूगल के नए फीचर्स से एंड्रॉयड यूजर्स के कई काम बेहद आसान हो जाएंगे। कंपनी के मुताबिक जल्द ही इन फीचर्स को रोल आउट किया जाएगा। टेक जायंट गूगल ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो यानी सीईएस 2024 के दौरान नए एंड्रॉयड फीचर्स की घोषणा की है।

### इंडिगो फ्लाइट में मिला दो करोड़ का सोना



**कोच्चि।** केरला के कोच्चि में पुलिस ने नेदुंबस्सेरी के कारीपुर हवाईअड्डे पर 2 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया। कस्टम अधिकारियों ने तीन यात्रियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो के पास 1.25 किलो और एक विदेशी नागरिक के पास से 472 ग्राम सोना जब्त हुआ है। पकड़े गए लोगों में बैंकॉक से आने वाला एक जापानी नागरिक शिकमा ताकेओ भी शामिल था।

### बेंगलुरु में 8 लोगों ने की सुसाइड की कोशिश



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में कर्नाटक विधानसभा के बाहर बुधवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां 48 साल की शाइस्ता बानो और मोहम्मद मुनैद उल्लाह अपने परिवार के 8 सदस्यों के साथ विधानसभा के सामने सामूहिक आत्महत्या करने गए थे। उनके हाथ में मिट्टी के तेल की कैन थी। हालांकि, पुलिस ने उन्हें देख लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को हिरासत में लेकर उनकी जान बचा ली।

**वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024:** समिट की इस बार की थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर', 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य

# पीएम मोदी बोलेः आपके सपने जितने बड़े होंगे, मेरा संकल्प भी उतना ही 'बड़ा' होगा



पीएम ने कहा कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष बनाएगा तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। 25 साल का कार्यकाल भारत का अमृतकाल है। यह नए सपने, नए संकल्प और नित्य नूतन सिद्धियों का कार्यकाल है।



वाइब्रेंट गुजरात समिट इकोनॉमिक डेवलपमेंट और इंवेस्टमेंट से जुड़ी जानकारी और अनुभव साझा करने का ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गई

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के 10वें संस्करण का शुभारंभ किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि इस अमृत काल में यह पहली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट हो रही है। इसलिए इसका महत्व और बढ़ गया है। इस समिट में आए 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि भारत की इस विकास यात्रा के अहम सहयोगी हैं। उन्होंने कहा आपके ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ऐसा होगा महा-निवेश

1. *अडाणी देंगे गुजरात में 1 लाख नौकरियां, 2 लाख करोड़ का निवेश*
2. *ग्रुप अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा।*
3. *आर्सेलर मित्तल 2029 तक हजीरा में दुनिया के सबसे बड़े इस्पात विनिर्माण कारखाने का करेगा निर्माण*
4. *टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सी-295 रक्षा विमान भी बना रहे हैं, शुरुआत में बड़ोदरा में और फिर धोलेरा में और यह काम जोरों पर चल रहा है।*

पीएम ने कहा कि आज भारत ने विश्व को यह भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, भारत की निष्ठा, भारत के प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है।

◆ भारत आई-टू, यू-टू और दूसरे मल्टीलेटरल ऑर्गेनाइजेशन के साथ पार्टनरशिप को मजबूत कर रहा




### भारत और यूएई के दिनों-दिन मजबूत हो रहे आत्मीय संबंध

पीएम ने कहा कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद का इस आयोजन में शामिल होना बहुत खुशी की बात है। इस समिट में उनका यहां चीफ गेस्ट के तौर पर उपस्थित होना भारत और यूएई के दिनों-दिन मजबूत होते आत्मीय संबंधों का प्रतीक है। भारत को लेकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मोजांबिक, चेक गणराज्य व तिमोर लेस्ते की भारत से घनिष्ठता बढ़ी

पीएम ने आगे कहा कि मोजांबिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी की भारत यात्रा से हमारे संबंधों को तो बल मिला ही है भारत-अफ्रीका के बीच घनिष्ठता और बढ़ी है। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री के बतौर पेत्र फियाला की यह पहली भारत यात्रा है। भारत और चेक गणराज्य के बीच टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर्स में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति रामोस होर्ता का स्वागत करते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

◆ अडाणी बोले- पीएम ने भारत को ग्लोबल सोशल चैंपियन बनाया





*मुकेश अंबानी ने कहा*

### पीएम मोदी बोलते हैं और 'पूरी दुनिया' सुनती है

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने पीएम मोदी की तारीफ में कहा कि अब पीएम मोदी बोलते हैं और पूरी दुनिया उनको सुनती है। पृथ्वी पर कोई भी ताकत भारत को 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। वहीं, गौतम अडाणी ने कहा कि 2014 के बाद से भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में 185 प्रतिशत की ग्रोथ और प्रति व्यक्ति आय में 165 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो भू-राजनीतिक और वैश्विक महामारी (कोरोना) संबंधी चुनौतियों को देखते हुए अद्वितीय है। अडाणी ने अंतरराष्ट्रीय सतर पर पीएम मोदी की उपलब्धियों की भी सराहना की। कहा कि आप हमें ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर अपनी आवाज उठाने वाले प्लेटफॉर्म से ग्लोबल प्लेटफॉर्म बनाने वाले राष्ट्र तक ले गए हैं। आप न केवल भविष्य का सोचते हैं बल्कि इसे आकार भी देते हैं। आपने भारत को दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ते हुए राष्ट्र के तौर पर पुनर्स्थापित किया है। वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व गुरू के दर्शन के साथ ग्लोबल सोशल चैंपियन बनाया है।

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति को दिया निमंत्रण**

# सूरजकुण्ड हस्तशिल्प मेला- 2024 का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सूरजकुण्ड हस्तशिल्प मेला का इस बार उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन पहुँचकर राष्ट्रपति को सूरजकुण्ड हस्तशिल्प मेला-2024 का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। यह मेला दो फरवरी से 18 फरवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ हरियाणा से अयोध्या के लिए चलाई जाएगी विशेष ट्रेन : सीएम



### वाईब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होने वाले वाईब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में शिरकत करेंगें। उन्होंने बताया कि गुजरात में हर दो वर्ष में वाईब्रेंट गुजरात ग्लोबल सम्मिट कार्यक्रम होता है। यह कार्यक्रम नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए शुरू किया था। इसमें देश-विदेश के निवेशक भाग लेते हैं और अलग-अलग क्षेत्र के लोग वहां चर्चा के लिए पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके वहां पर कई कार्यक्रम ▶▶ शेष पेज 5 पर

**कांग्रेस ने बताया इसे भाजपा का 'इवेंट'**

# सोनिया-खड़गे नहीं होंगे राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल, भाजपा बोली- विनाशकाले विपरीत बुद्धि

शशि थरूर ने कहा था-धर्म सभी का निजी होता है, उस पर सियासत करना सही नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल नहीं होंगे। इसके अलावा अधीर रंजन चौधरी भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इन सभी नेताओं को राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से 22 जनवरी का न्योता दिया गया था जिस पर कांग्रेस ने लंबे समय से कोई फैसला नहीं लिया। लेकिन अब साफ कर दिया गया है कि कोई भी नेता कार्यक्रम में शिरकत नहीं करने जा रहा है। कांग्रेस की यूपी इकाई के कुछ नेता जरूर ▶▶ शेष पेज 5 पर



### जो राम को नहीं मानते, वे बहाना ही बनाएंगे

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जो लोग राम को मानते ही नहीं थे, वो कुछ भी बहाना बना सकते हैं। ये कार्यक्रम न्यास का है। अनिल एंटनी ने कहा कि कांग्रेस अब भारत की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह ▶▶ शेष पेज 5 पर

**टाटा की एयरलाइन का बड़ा ऑफर**

# यात्रियों की बल्ले-बल्ले! सिर्फ 1799 रु. में हवाई सफर का मजा

◆ एयर इंडिया टाइम टू ट्रैवल सेल के तहत 11 जनवरी 2024 तक बुकिंग की जा सकती है। जबकि ट्रैवल करने की अवधि 30 सितंबर 2024 है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्लाइट से सफर करना आज भी एक बड़े वर्ग के लिए किसी सपने जैसा है। आमतौर पर लोग ज्यादा किराये की वजह से इस सपने को साकार नहीं कर पाते हैं। हालांकि, कुछ स्मार्ट तरीके अपनाते हैं तो



बेहद सस्ती कीमत में फ्लाइट से सफर का मजा ले सकते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस एक बड़ा मौका दे रही है।

दरअसल, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 'टाइम टू ट्रैवल' सेल ऑफर के तहत 1799 की शुरुआती कीमत पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### क्या हैं शर्तें?

यह ऑफर केवल घरेलू एयरलाइंस की उड़ानों पर लागू है। बेस फेयर, टैक्स, एयरपोर्ट चार्ज शामिल हैं। इसमें सुविधा शुल्क या सहायक सेवाएं शामिल नहीं हैं। यह ऑफर ब्लैकआउट तिथियों पर उपलब्ध नहीं है। ऑफर सभी बुकिंग और यात्रा एयरलाइन के नियमों और शर्तों के अधीन हैं। सीटें सीमित हैं और सभी तिथियों, उड़ानों या मार्गों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकती हैं। यह पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है।

**श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले टूटा बरसों का रिकॉर्ड**

गीता प्रेस में स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका

# गीता प्रेस के पास खत्म हुआ राम चरित मानस का 'स्टॉक'

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश और विदेश में उत्सव का माहौल है।

यही वजह है कि श्री रामचरितमानस श्री हनुमान चालीसा और श्रीमद् भागवत गीता की मांग इतनी बढ़ गई है कि गीता प्रेस इसकी उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है। श्री रामचरित मानस का स्टॉक खत्म हो गया है। गोरखपुर के गीता प्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी ने बताया कि मांग के सापेक्ष अक्टूबर से दिसंबर तक केवल 31 हजार श्री रामचरित मानस (हिंदी गुटका आकार) की आपूर्ति कर पाया है। जबकि, मांग लगभग डेढ़ लाख प्रतियों की रही है। उन्होंने बताया कि इन तीन महीने में श्री रामचरित मानस ▶▶ शेष पेज 5 पर




### गुजरात सरकार ने श्रीमद् भागवत गीता की 50 लाख प्रतियां मांगी

*गीता प्रेस स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसमें गीता प्रेस स्थापना से अब तक 3 करोड़ 70 लाख प्रतियां प्रकाशित कर चुका है। 1938 ईस्वी से मांसांक से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है। 1948 से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है। प्रबंधक डॉ. तिवारी ने बताया कि इस माह में बिहार, यूपी के अनेक जिलों व राजस्थान से लगभग 1.75 लाख श्रीरामचरितमानस (गुटका आकार) प्रतियों की मांग आई है, जिसे उपलब्ध कराने में गीता प्रेस ने असमर्थता जता दी है। 79 हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं, जिन्हें गीता प्रेस अपनी शाखाओं पर भेजेगा। उन्होंने बताया कि अवदा फाउंडेशन मुंबई ने आरती संग्रह की चार लाख प्रतियां मांगी हैं। प्रेस ने 3 लाख प्रतियां देने का वचन दिया है। यह पुस्तक हिमाचल* ▶▶ शेष पेज 5 पर



# हाईकोर्ट ने जांच, राशि रोकने के खिलाफ डीसीपीसीआर की याचिका पर एलजी से उनका पक्ष पूछा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) की उस याचिका पर उपराज्यपाल (एलजी) का पक्ष पूछा, जिसमें सरकार के दुरुपयोग के आरोपों की जांच और विशेष ऑडिट होने तक निधि रोकने के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बाल अधिकार निकाय के खिलाफ उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा आदेशित कार्रवाई पर एक प्रेस नोट का अवलोकन करते हुए कहा कि दस्तावेज़ के कुछ हिस्सों ने राजनीतिक रंग ले लिया है और एलजी के वकील से निर्देश लेने के लिए कहा। न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि मैंने कहा होता 'ऑडिट, जारी रहे'। (लेकिन पेज) 154 ने राजनीतिक रंग ले लिया है। तभी



मेरी समस्या शुरू होती है... सामान्य आधार और मकसद की समस्या (वहां है)। विचाराधीन हिस्से में डीसीपीसीआर के पूर्व अध्यक्ष अनुराग कुंडू और छह सदस्यों का उल्लेख किया गया था जो राजनीतिक रूप से आम आदमी पार्टी (आप) से जुड़े थे। उपराज्यपाल के वकील ने कहा कि अन्य राज्य अधिकारियों की सिफारिश पर कार्रवाई की गई और निर्देश लेने के लिए समय मांगा। पिछले साल, उपराज्यपाल सक्सेना ने जांच शुरू करने के लिए महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी और डीसीपीसीआर द्वारा सरकारी धन के कथित दुरुपयोग पर एक विशेष ऑडिट का आदेश दिया था। सक्सेना ने यह भी निर्देश दिया कि जांच और विशेष ऑडिट पूरा होने से पहले डीसीपीसीआर द्वारा धन आवंटन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

डीसीपीसीआर का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने हाईकोर्ट को बताया कि बाल अधिकार निकाय को धन का आवंटन रुक गया है। डीसीपीसीआर ने अपनी याचिका में कहा है कि इस तरह का झटका वैधानिक रूप से संरक्षित और स्वतंत्र संस्थान को पंगु बना देता है, जिससे हिंसा, बाल श्रम और भीख मांगने वाले बच्चों के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली खतरे में पड़ जाती है। याचिका में कहा गया है कि डीसीपीसीआर की धनराशि रोकने या कम करने का कोई भी प्रयास इसकी स्वायत्तता का उल्लंघन है और इसके अस्तित्व के लिए खतरा है। इस मामले में आगे की सुनवाई 19 जनवरी को होगी।

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला फाइनेंसर पहुंचा जेल

**नई दिल्ली।** साउथ डिस्ट्रिक्ट की साकेत पुलिस ने एक फाइनेंसर को गिरफ्तार किया है। प्रशांत राठी नामक इस फाइनेंसर पर सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फिल्मों से काफी प्रभावित था। वह अपने सर्कल और जानकारों के बीच दबदबा बनाने रखने के लिये यह सब करता था। इसके पास से दो पिस्टल, दो कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार प्रशांत के खिलाफ साकेत थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इसे आठ जनवरी को पुष्प विहार मछली मार्किट के पास से पकड़ा गया था। सोशल मीडिया अकाउंट चैक करने पर उसकी हथियार के साथ कई तस्वीरें मिली। आरोपी ने पूछताछ में बताया वह पेशे से फाइनेंसर है। उसने पिस्टल काफी समय पहले मेरठ से खरीदी थी। 24 वर्षीय फाइनेंसर राजपुर खुर्द इलाके का रहने वाला है।

### टेलीग्राम पर आए मैसेज के झांसे में आकर गंवाए 12 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** नार्थ ईस्ट डिस्टिक्ट के साइबर पुलिस स्टेशन में एक मोबाइल कंपनी का इंजीनियर की शिकायत पर 12 लाख रुपए की ठगी का केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जालसाजों ने टेलीग्राम एप पर ऑनलाइन निवेश कर मोटा पैसा कमाने का मैसेज भेजा था। उन्हें निवेश करने पर पहले दो बार 50 फीसदी रिटर्न भी दिया गया था। विश्वास कायम हो जाने पर पीड़ित ने तीन दिन के भीतर मोटी रकम लगा दी और ठगी का शिकार हो गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित अंकित चौधरी (34) पुश्ता, करतार नगर एरिया का रहने वाला है। वह एक मोबाइल कंपनी में इंजीनियर है। पिछले साल 31 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर टेलीग्राम एप द्वारा एक मैसेज आया, जिसमें ऑनलाइन निवेश कर रुपए कमाने का ऑफर था। वह मैसेज का जवाब देते हुए आगे बढ़ते रहे और रुपए निवेश करने शुरु कर दिए। शुरु में 10 हजार लगाए, जिसके बदले उन्हें 15 हजार मिले। फिर 15 हजार के बदले 20 हजार मिल गए। इसके बाद उसने महज तीन दिन के भीतर लालच में आकर 11,93,078 रुपए निवेश कर दिए। यह रकम पीड़ित ने अलग अलग बैंक अकाउंट में डाली। हालांकि इस बार उन्हें कुछ नहीं मिला। उससे रकम निवेश कराने के लिए कहा जाता रहा, आखिर में पीड़ित को ठगी का एहसान हुआ और उसने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। पुलिस ट्रांजेक्शन डिटेल लेकर जालसाजों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### मायापुरीः छेड़छाड़ का आरोपी 17 साल के बाद किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की एएटीएस टीम ने मायापुरी थानाक्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम बब्बन गिरी बताया गया है। वह पिछले 17 वर्षों से फरार था। कोर्ट भी इसे भगोड़ा घोषित कर चुकी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी नंगली विहार बापरौला का रहने वाला है। वह रणहौला और मायापुरी में दर्ज चोट पहुंचाने और छेड़खानी के तीन मामलों में शामिल रहा है। चार जुलाई 2006 को एक महिला की शिकायत पर उसके खिलाफ मायापुरी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी पहचान बदलकर पुलिस से बच रहा था। इसे तीस हजारी कोर्ट बस स्टैंड के पास से पकड़ा गया है।

## दो महीने का बच्चा अस्पताल में भर्ती

# द्वारकाः बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोए दंपति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ठंड से बचने के लिए घर में अंगीठी जलाकर सोना एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। बुधवार सुबह द्वारका सेक्टर 23 इलाके में एक दंपति की मौत हो गई, जबकि उनका दो महीने का बच्चा अभी अस्पताल में भर्ती है। मृतक मानव और नेहा के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पीसीआर कॉल के जरिए इस घटना की सूचना मिली। कॉलर ने खिड़की से देखकर बताया कि घर में बच्चा रो रहा है और उसके माता पिता अचेत हालत में पड़े हैं। कमरा अंदर से बंद है। पुलिस पोचनपुर गांव पहुंची और कमरे से दंपति और उनके दो महीने के बच्चे को बाहर निकाल हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टरों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि परिवार मूलरुप से यूपी के महोबा का रहने वाला है। घटनास्थल पर क्राइम और फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच की। फिलहाल अंगीठी के कारण दम घुटने को मौत का कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगा।



### ऐसे दबे पांव आती है मौत

बंद कमरे में अंगीठी, ब्लोअर या हीटर का प्रयोग अक्सर जानलेवा साबित होता है। कई मामलों में देखा गया है कि अंगीठी और ब्लोअर कमरे में ऑक्सीजन लेवल कम कर देता है। अंगीठी से जहरीली गैस भी निकलती है। यह गैस सांस के माध्यम से फेफड़ों तक पहुंच कर खून में मिल जाती है, जिससे खून में हीमोग्लोबिन का स्तर घट जाता है और कई बार व्यक्ति की मौत हो जाती है।

### मेट्रो स्टेशन के पास मिला अधेड़ का शव

**नई दिल्ली।** कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास बुधवार सुबह एक अधेड़ का शव पाया गया। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। शव को पहचान भी नहीं हुई। पुलिस ने शव को पहचान और पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया है। आशंका है कि ठंड से अधेड़ की मौत हुई है।
पुलिस का कहना है कि कई दिनों से सर्दी का सितम जारी है। ऐसे में कई बेघर की जान भी इस मौसम में चली जाती है। पुलिस कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के आसपास रिक्शा चलाने वाले कई लोगों से पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# शीत लहर के सितम से दिल्ली परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शीत लहर ने बुधवार को दिल्ली वालों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जबकि मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बावजूद दिल्ली में बादल नहीं बरसे। लिकन इस बीच दोपहर बाद निकली खिली खिली धूप ने हाड़ कंपकपा देने सर्दी से कुछ देने के लिए राहत जरूर प्रदान की। धूप के खिलते ही लोग घर की छत्ता व बाहर निकलकर धूप सेकते देखे गए। खबर लिखे जाने तक दिल्ली में बारिश नहीं हुई। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि दिन में अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के औसत तापमान 4 डिग्री कम है। यानी दिल्ली वाले इस समय कड़ाके की सर्दी झेलने को विवश है। आईएमडी का ताजा अनुमान है कि अगले एक दो दिन में तापमान में सुधार हो सकता है जिससे कड़ाके की सर्दी से कुछ राहत की उम्मीद की जा सकती है। लेकिन बहुत ज्यादा राहत मिलेगी यह फिलहाल संभव नहीं है। दूसरी तरफ दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 269 दर्ज किया गया जो खराब की श्रेणी में आता है। मंगलवार को 24 घंटे का एक्यूआई 366 था जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। बता दें कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 और 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## बिजली की मांग ने बनाया सर्दियों में ऑल टाइम रिकॉर्ड, खपत पहुंची 5600 मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** कड़ाके की ठंड के बीच सर्दियों के मौसम में दिल्ली वालों ने बुधवार को बिजली की खपत का नया रिकॉर्ड 5,611 मेगावाट का आंकड़ा दर्ज किया। यह मांग दिल्ली के इतिहास में सर्दियों के मौसम की सबसे ज्यादा खपत है। मांग के रिकॉर्ड आंकड़े को लेकर निजी बिजली कंपनियों का दावा है कि उन्होंने निर्बाध आपूर्ति की है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली के अनुसार पूर्वाह्न 11.08 बजे बिजली की अधिकतम मांग 5,611 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि इससे पहले सर्दियों में दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 5,559 मेगावाट तक दर्ज हुई। निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि कंपनी की वितरण कंपनियों बीआरपीएल (बीएसईएस राजधानी पावर लि.) ने अपने क्षेत्र 2,350 मेगावाट और बीवाईपीएल (बीएसईएस यमुना पावर लि.) ने अपने क्षेत्र में 1,174 मेगावाट बिजली की बड़ी मांग को निर्बाध रूप से पूरा किया। प्रवक्ता कामत ने कहा कि बीएसईएस वितरण कंपनियां सर्दियों के दिनों में अपने लगभग 50 लाख उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनी के पूर्वानुमान के अनुरूप पहले से ही दीर्घकालीन स्रोतों द्वारा पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध है, इसलिए कटौती का कोई सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि सर्दियों में इस बार बिजली की मांग का आंकड़ा 5,700 मेगावाट के पार पहुंच सकता है। वहीं टाटा पावर का कहना है कि हमारे आपूर्ति क्षेत्र में बिजली की मांग 1,753 मेगावाट तक पहुंची, जिसे कंपनी ने बिना कटौती पूरा किया गया। जबकि हमारा अनुमान है कि इस बार बिजली की अधिकतम मांग 1,800 मेगावाट पार हो सकती है, जिसे बिना किसी परेशानी के पूरा करने को तैयार है।

# युवक को पहले पीटा फिर चाकूओं से गोद उतारा मौत के घाट

## तीन नाबालिगों समेत पांच आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके में मंगलवार आधी रात एक युवक को पहले जमकर पीटा गया और फिर चाकूओं से गोदकर उसकी हत्या कर दी गई। वारदात को पांच युवकों अंजाम दिया। इनमें से तीन को वारदात अंजाम देकर भागते समय ही पेट्रोलिंग स्टाफ ने दबोच लिया था। दो को बाद में पकड़ा गया। वारदात रात करीब 2:30 बजे हुई। आरोपियों में तीन नाबालिग शामिल है। मृतक युवक का नाम गौरव (22) बताया गया है। हत्या रंजिशन की गई।

डीसीपी राजेश देव के अनुसार रात को हेड कांस्टेबल नटवर और अशोक गौतमपुरी इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे। वह जैसे ही मीट चौक पहुंचे तो तीन चार युवक खून से लथपथ एक शख्स को घसीट रहे थे। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर तीन को मौके पर ही धर दबोचा। घायल की पहचान गौरव उर्फ लंबू के रूप में हुई। वह गौतमपुरी फेस 2 का रहने वाला था। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पकड़े गये एक आरोपी का नाम अरमान उर्फ कुरु पता चला। जबकि दो 17 और 16 साल के नाबालिग निकले। इनकी निशानदेही पर दो और युवकों को पकड़ा गया। उनमें एक का नाम शाहिद बताया गया है। मृतक की बॉडी को एम्स में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।



## खजूरी खासः लूट का विरोध करने पर कांस्टेबल पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खजूरी खास इलाके में लूट का विरोध करने पर कांस्टेबल को चाकुओं से गोद दिया गया। बदमाश वारदात के बाद फरार हो गये। घायल कांस्टेबल का नाम जुगल मेघवाल बताया गया है। उन्हें जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था लेकिन वहां से जीटीबी रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि कांस्टेबल के लूटे गये पर्स में 350 रुपये और कुछ जरुरी कागजात थे। खजूरी थाने में केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। कांस्टेबल जुगल मेघवाल मूलरूप से राजस्थान के नागौर जिले के रहने वाले है। उनकी तैनाती खजूरी खास स्थित दिल्ली पुलिस की फर्स्ट बटालियन में है। सोमवार को किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइन में अपने एक दोस्त से मिलने के लिए गए थे। सिविल ड्रेस में दोस्त से मिलने के बाद वह बस से शाम करीब सात बजे खजूरी चौक पर पहुंचे। वहां से पैदल अपने कैंप जाने लगे। तभी झाड़ियों में से दो बदमाश निकले और उन्हें घेरकर लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू निकाला और ताबड़तोड़ वार कर दिए। कमर, कूल्हे और हाथ पर चाकू लगने से पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाशों ने उनकी जेब से पर्स लूट लिया। पीड़ित चिल्लाया कि वह पुलिसकर्मी है। यह सुनते ही बदमाश वापस झाड़ियों में ओझल हो गये।


## संदिग्ध व्यक्ति की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तीन नामालूम व्यक्ति (जिसकी फोटो दिखाई गई) जिन पर अपराध में शामिल होने का संदेह है और सीसीटीवी कैमरे में आ गये है । इस संबंध में केस वाईड **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1446/23 धारा 379 आईपीसी, दिनांक: 27.10.2023 को पुलिस थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है ।**
तीनों संदिग्ध व्यक्तियों का विवरण इस प्रकार है:- **पहला व्यक्ति: उम्र** : लगभग 30-35 वर्ष, **कद** : लगभग 5'9", रंग-सांवला, **पहनावा**- हल्के नीले रंग की टी-शर्ट, **दूसरा व्यक्ति: उम्र** : लगभग 35-40 वर्ष, **कद** : लगभग 5'9", रंग-गेहुँआ, **पहनावा**- सफेद रंग की शर्ट और **तीसरा व्यक्ति: उम्र** : लगभग 40-45 वर्ष, **कद** : लगभग 5'10", रंग-सांवला, **पहनावा**- मैरुन रंग की शर्ट ।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस संदिग्ध व्यक्तियों का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली
Ph. : 011-23744073, 23363622, 8750871305, 9971806264
DP/362/Rly/2024


# सेंट्रल रिजः पेड़ों की कटाई पर एनजीटी ने रक्षा मंत्रालय ने मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली के 'सेंट्रल रिज' इलाके में सेना मुख्यालय द्वारा पेड़ों की कथित कटाई के मामले में रक्षा मंत्रालय और दो अन्य को नोटिस जारी किये हैं। हरित पैनल उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने सेना मुख्यालय द्वारा 8.78 हेक्टेयर क्षेत्र को साफ करते समय पेड़ काटे जाने के बारे में एक अखबार की रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया था। अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने उस रिपोर्ट का संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया है कि सेना ने दिल्ली वृक्ष संरक्षण कानून, वन संरक्षण अधिनियम और भारतीय वन अधिनियम सहित विभिन्न पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन किया है। पीठ ने सोमवार को पारित एक आदेश में कहा कि संबंधित समाचार पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दे का खुलासा करती है। इस मामले में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और रक्षा मंत्रालय (सचिव के जरिये) को प्रतिवादी बनाया गया है। हरित अधिकरण ने नोटिस जारी करने के बाद कहा कि मंत्रालय के वकील ने इसे (नोटिस) स्वीकार कर लिया है और जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है। पीठ ने मंत्रालय का अनुरोध स्वीकार करते हुए शेष दोनों प्रतिवादियों से जवाब तलब किया। अगली सुनवाई के लिए छह मार्च की तारीख निर्धारित की गई।





## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



यश कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **यश कुमार सुपुत्र श्री मनोज कुमार निवासी मकान नं. 845, गली नं. 4, ग्राम बांकनेर, नरेला, दिल्ली** जो थाना नरेला के अधिकार क्षेत्र से **दिनांक 05.01.2024 सायं 05:00 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एफआईआर नं./डीडी नं. **65–ए/24, दिनांक 06.01.2024** को **थाना नरेला, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़के का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।
जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–
**लिंग**: पुरुष, **आयु**: 20 वर्ष, **कद**: 6' 4" फीट, **रंग**: साँवला, **शरीर**: मध्यम, **पहनावा**: नीले रंग की जींस व पीले रंग की चेक शर्ट और पैरों में काले रंग की चप्पल।
अगर किसी को इस गुमशुदा लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

थाना प्रभारी
थाना नरेला, दिल्ली
फोन: 011–27280435
मोबाइल: 7065036323
DP/283/OND/2024


## घायल व्यक्ति की मौत के मामले में कार्रवाई

# मरीज लौटाने पर जीटीबी अस्पताल को नोटिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है,साथ ही कुछ दिन पहले हुई घायल व्यक्ति की मौत के मामले में एक वरिष्ठ 'रेजिडेंट डाक्टर' की सेवाओं को 'समाप्त' करने को कहा है। घायल व्यक्ति को कथित तौर पर चार अलग-अलग अस्पतालों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया था।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नशे की हालत में एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में गिरफ्तार किये गये प्रमोद (47) को जब तीन जनवरी को पुलिस वैन से ले जाया जा रहा था तो उसने चलती वैन से छलांग लगा दी थी बाद में उसकी मौत हो गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि बिस्तर या चिकित्सकीय साजोसामान नहीं होने के कारण दिल्ली सरकार द्वारा संचालित तीन अस्पतालों सहित चार सरकारी अस्पतालों ने उसे कथित तौर पर भर्ती करने से इनकार कर दिया था। इस कारण बताओ नोटिस में कथित घटना को लेकर प्रकाशित खबरों का भी उल्लेख किया गया है। नोटिस में कहा गया कि पूरी घटना यह दिखाती है कि चिकित्सा अधिकारियों में समानुभूति और पेशेवर रुख की कमी है..साथ ही संबंधित चिकित्सा निर्देशक भी देखरेख का काम नहीं कर रहे हैं।




### न्यूरोसर्जन की सेवा समाप्त करने का निर्देश

नोटिस के अनुसार,'' इसलिए, जीटीबी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक को डॉ. अमित (तीन जनवरी को ड्यूटी पर तैनात रहे वरिष्ठ रेसीडेंट न्यूरोसर्जन) की सेवा तुरंत समाप्त करने का निर्देश दिया जाता है।

यह भी कहा गया कि इसके अलावा, जीटीबी अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ. अस्मिता एम राठौड़ को नोटिस प्राप्त होने के तीन दिन के भीतर उपरोक्त चूक का कारण बताने का भी निर्देश दिया जाता है, ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई (जो भी उचित होगी) की जाएगी।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम पंचकूला | नगर निगम पंचकूला के अधिकार-क्षेत्र के तहत गांव टोका में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 08.01.2024 07.02.2024 | 4.61 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2583094 xenmcpkl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/24075/I/88/7 दि. 10.01.24

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | वार्ड नं. 7 में मास्टर देवकी नंदन चुघ के स्कूल से ओम शांति आश्रम, वार्ड नं. 9 में जीत लुहार के मकान के सामने से रामकुमार गुज्जर के मकान तक और वार्ड नं. 10, नगर पालिका कलानौर में रामकिशन झीमर के मकान से रविदास मंदिर के आखिरी छोर तक आईपीबी सहित गली का पुनर्निर्माण। | 09.01.2024 02.02.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 1258223180 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/60/24077/I/88/7 दि. 10.01.24

## खबर संक्षेप

### एमसीडी महापौर ने की मैराथन निरीक्षण की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली को दुनिया का सबसे साफ शहर बनाने की मुहिम निगम सरकार ने तेज कर दी है। एमसीडी महापौर डॉ शैली ओबरॉय और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने चांदनी चौक से मैराथन निरीक्षण अभियान की शुरुआत की है। पहले दिन करीब 20 किमी तक पैदल यात्रा कर सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया गया है। आगामी मार्च के पहले सप्ताह तक यह मैराथन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। करीब 50 दिनों के भीतर 100 फीसदी अवैध कूड़ा प्वाइंट को खत्म किया जाएगा। महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि मैं जनता से अपील करती हूं कि इस मुहिम में अपना योगदान दें, ताकि दिल्ली को दुनिया का सबसे खूबसूरत शहर बना सकें।

### एमसीडी बच्चों को ना वर्दी मिली न किताबें : राजा इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी सरकार के शासन में निगम विद्यालयों की व्यवस्था बदहाल है और पूरा सत्र बीत जाने के बाद भी बच्चों को ना वर्दी मिली और न किताबें मिली हैं। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की शिक्षा व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा नगर निगम का प्रमुख कार्य है लेकिन आप सरकार का सारा ध्यान मोटे मोटे टेंडर निकालकर पैसा कमाने पर है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पूरा सत्र बीत जाने के बाद भी आज तक निगम स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को स्टेशनरी एवं कॉपियां नहीं मिली हैं, निगम विद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र को 1100 रु. वर्दी के दिए जाते थे, जिसमें स्वेटर, कमीज, पेंट एवं बालिकाओं के लिए स्वेटर कुर्ता, पजामी जूते, जुराबे दी जाती थी।

### दिल्ली सरकार ने जीटीबी अस्पताल को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** इलाज के लिए मना करने के बाद एक मरीज की मौत के मामले में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही कुछ दिन पहले हुई घायल व्यक्ति की मौत के मामले में एक वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर की सेवाओं को समाप्त करने को कहा है। घायल व्यक्ति को कथित तौर पर चार अलग-अलग अस्पतालों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नशे की हालत में एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में गिरफ्तार किये गये प्रमोद (47) को जब तीन जनवरी को पुलिस वैन से ले जाया जा रहा था तो उसने चलती वैन से छलांग लगा दी थी बाद में उसकी मौत हो गई थी।

### कैबिनेट मंत्री ने पटेल नगर में 'मैं भी केजरीवाल' जनसंवाद कार्यक्रम के तहत जनसभा को किया संबोधित

# भाजपा दिल्ली के कामों को रोकने के लिए केजरीवाल को चाहती है जेल में डालना : आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में फंसाकर दिल्ली के कामों को रोकना चाहती है। यह बात बुधवार को दिल्ली के कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद ने अपनी विधानसभा पटेल नगर में 'मैं भी केजरीवाल' जनसंवाद कार्यक्रम के तहत जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मंत्री आनंद ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने पिछले 8 सालों से ईमानदारी से काम किया है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली में लोगों के लिए इतने काम हो पाये, चाहे शानदार शिक्षा हो, वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सुविधाएं हो, फ्री बिजली-पानी, बस यात्रा हो, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ-यात्रा करवानी हो, केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को हर सुविधा दी। आज आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डालने का असली कारण यही है। भाजपा की आज देश के कई राज्यों में सरकार है लेकिन वो अब-तक वहां पर लोगों को ऐसी सुविधाएं नहीं दे पाई जो केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को दी है।

**खास बातें**
- अरविंद केजरीवाल ने अपनी हर गारंटी पूरी की है, जबकि भाजपा की हर गारंटी है झूठी
- बीजेपी का तो रिकॉर्ड बन गया है कि जो नहीं झुकता है उसे जेल में डाल दो

मंत्री आनंद ने कहा कि जनसभा में जनता ने एक स्वर में कहा कि हम केजरीवाल के साथ हैं। इस अवसर पर मंत्री आनंद में जनता से पूछा कि अगर षड्यंत्र के तहत गिरफ्तारी होती है तो सीएम अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। इस पर जनता बोली कि सीएम हमें बेटा बनकर मुफ़्त सुविधाएं दे रहे हैं, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा पर भेज रहे, बिजली पानी मुफ्त दे रहे, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा दे रहे हैं, यही बीजेपी को बर्दाश्त नहीं हो रहा। इसलिए सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ षडयंत्र कर रही है ताकि जनहित के कार्यों को रोक सके। बीजेपी कुछ भी कर ले, सीएम को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। वो जेल से सरकार चलाएं हम उनके साथ हैं। बीजेपी अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में फंसाकर दिल्ली के कामों को रोकना चाहती है। इसलिए एड़ी चोटी का ज़ोर लगाकर केजरीवाल के कामों को रोकने के लिए उन्हें जेल में डालना चाहती है।





**जनता जानती है, केजरीवाल न डरेंगे, न झुकेंगे**

मंत्री आनंद ने कहा कि भाजपा का तो रिकॉर्ड बन गया है, जो न झुके उसे जेल में डाल दो। जो न रुके उसके पीछे ईडी सीबीआई लगा दो, पर जनता सब जानती है। इससे अरविंद केजरीवाल न डरेंगे, न झुकेंगे। उन्होंने कहा कि आज एक के बाद एक आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में भेजा जा रहा है और अब पिछले कई महीने से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है।

मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि जिस गारंटी से केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब की सेवा की है, हर वादे को पूरा किया है वह सिर्फ केजरीवाल ही कर सकते है। भाजपा की हर गारंटी झूठी है, चाहे दो करोड़ रोजगार देने का वादा हो या हर किसी के खाते में 15-15 लाख रुपए आने की। भाजपा ने हमेशा ही झूठ बोलकर दिल्ली और देश की जनता को ठगने का काम किया है।

**'सभी पार्टियां हमें कॉपी करने की कर रही है कोशिश'**

मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दो राज्यों में सरकार है। जनता हमारे गवर्नेंस मॉडल से खुश है, इसलिए अब हर चुनाव में सभी पार्टियां हमें कॉपी करने की कोशिश कर रही हैं। हम राजनीति बदलने की बात करते थे और वो हमने कर दिखाया। आज बीजेपी शिक्षा और स्वास्थ्य की बात करने को मजबूर है। भाजपा जानती है वह चुनाव में अरविंद केजरीवाल को नहीं हरा सकती इसलिए जेल भेजने की साजिश कर रही है। असली वजह तो ये है कि भाजपा को केजरीवाल जी और उनका काम अखरता है।

### सरकार आंकड़े छिपाती रही और दिल्ली में डेंगू से हो गई 19 मौतें : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार और नगर निगम की लापरवाही से दिल्ली में डेंगू से 19 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने ने मांग की है कि सरकार की लापरवाही के कारण हुई इन मौतों के कारण प्रत्येक मृतक के परिजन को दस लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए और जिसने भी रिपोर्ट को रोकने का आदेश दिया था, उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। बिधूड़ी ने कहा कि पारदर्शिता की दुहाई देने वाली दिल्ली सरकार ने जनता से इस सच्चाई को छिपाए रखा कि दिल्ली में डेंगू इतने भयंकर रूप से फैला हुआ है कि लगातार मौतें हो रही है। न तो जनता को सावधान किया गया और न ही अस्पतालों में इंतजाम किए गए। कोरोना के बाद एक बार फिर दिल्ली की जर्जर स्वास्थ्य सेवाओं का खुलासा हो गया है। बिधूड़ी ने कहा कि घटिया दवाओं की सप्लाई और मोहल्ला क्लीनिकों की बदइंतजामी के खुलासे के बीच अब जो जानकारी आई है, वह बड़ी चौंकाने वाली है। दिल्ली नगर निगम में सत्ता पर काबिज होने के बाद आम आदमी पार्टी ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मरीजों की जानकारी देने वाली साप्ताहिक रिपोर्ट को जारी करने पर रोक लगा दी थी। भाजपा ने यह मामला जोर-शोर से उठाया था कि ये रिपोर्ट जारी करना बंद क्यों किया गया है लेकिन उसके बाद भी रिपोर्ट जारी नहीं की गई। अब यह रिपोर्ट आई है कि पिछले साल 31 दिसंबर तक दिल्ली में डेंगू के ही 9266 मरीज दाखिल हुए और 19 लोगों की मौत हो गई। साल 2015 के बाद डेंगू से मौत का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। 2015 में 16 हजार केस आए थे और 60 मौतें हुईं थी।

**सीएम आवास के रखरखाव पर 29.56 करोड़ खर्च का मामला**

### प्रदेश भाजपा ने एलजी से किया एसीबी या सतर्कता जांच का आदेश देने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल से मुख्यमंत्री आवास के रखरखाव पर रुपये 29.56 करोड़ के खर्च की एसीबी या सतर्कता जांच का आदेश देने का अनुरोध किया है। अध्यक्ष सचदेवा ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का ध्यान उस आरटीआई रिपोर्ट की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि यह आरटीआई मंगलवार सुबह से मीडिया और सोशल मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो रही है और जिसकी प्रामाणिकता से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार ने अब तक इनकार नहीं किया है। पत्र में कहा गया है कि सरकार की चुप्पी से एक बात तो तय हो गई है कि आरटीआई में रकम के आंकड़ों के अलावा उसमें उल्लिखित ठेकेदारों के नाम भी सही हैं। सचदेवा ने कहा है कि हाल ही में 29 दिसंबर 2023 को जारी की गई आरटीआई बताती है कि 31 मार्च 2015 से 27 दिसंबर 2022 के बीच रुपये 29.56 करोड़ की राशि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा सीएम आवास में रखरखाव कार्यों के लिए 4 ठेकेदारों को भुगताई गई है। सचदेवा ने कहा है कि हालांकि हम इस मामले में विशेषज्ञ नहीं हैं, लेकिन यह जानकर आश्चर्य होता है कि आरटीआई में नामित किसी भी ठेकेदार का नाम कोई स्थापित नाम नहीं है और उन्हें सिविल, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल और सीवरेज रखरखाव कार्यों के लिए दी गई राशि अत्यधिक है और ऐसा लगता है कि रखरखाव कार्य के ये आंकड़े कुछ ज्यादा अधिक बड़े ही हैं। सचदेवा ने कहा है कि इसलिए इस रिश्वतखोरी में आम आदमी पार्टी के किसी नेता या किसी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी का हाथ होने की संभावना है। उन्होंने उपराज्यपाल से इस मामले की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा या सतर्कता विभाग से जांच कराने का अनुरोध किया है।

## हिंदी भाषा पूरे भारत को बांधती है एकता के सूत्र में : केजरीवाल

### मुंख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों ने विश्व हिंदी दिवस की दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारी हिंदी भाषा पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधती है। यह बात बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कही। सीएम केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सभी को बधाई देते हुए लिखा कि हमारी हिंदी भाषा पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधती है। हिंदी भाषा हम सब भारतवासियों की एकजुटता की भावना का स्वरूप है। अपनी मातृभाषा की अभिवृद्धि करना हम सबका कर्तव्य है। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद ने विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हिंदी पूरे विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली पांच भाषाओं में से एक है। 2006 में भारत सरकार ने सभी हिंदी भाषियों को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रत्येक 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया था। समस्त देशवासियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं।

**केंद्र और राज्य सरकारों को हिंदी को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए : सौरभ**

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने हिंदी दिवस पर कहा कि हिंदी को केंद्र और राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। सौरभ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बुधवार को लिखा कि अरविंद केजरीवाल सरकार का कला संस्कृति और भाषा मंत्रालय भारत की लगभग अधिकतर भाषाओं को प्रोत्साहित कर रहा हैं जिसमें हिंदी को महत्वपूर्ण स्थान दिया जा रहा हैं। भारत में अधिकतर हिंदी भाषी हैं, हिंदी को केंद्र और राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए।

### दिल्ली नगर निगम ने विश्व हिंदी दिवस के मौके पर किया कार्यक्रम का आयोजन

नई दिल्ली। विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा निगम मुख्यालय सिविक सेंटर स्थित मुख्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दिल्ली नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त सुनील भादू, के डी वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त; प्रशासनिक अधिकारी, राजेश निगम उपस्थित थे। उनके अलावा विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त सुनील भादू ने निगम आलोक पत्रिका का विमोचन किया और राजभाषा विभाग को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सराहना की। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त भादू ने कहा कि हिन्दी भाषा व हिन्दी साहित्य की गहराई एवं प्रचुरता को पूरे विश्व में प्रचारित करने के लिए विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है।

### कैलाश गहलोत ने कोरोना योद्धा डॉ. टिग्गा के परिजनों को सौंपा एक करोड़ का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने बुधवार को कोरोना योद्धा डॉ. परपेटुआ मिन्ज टिग्गा के परिजनों को एक करोड़ की सम्मान राशि सौंपी। बुधवार को दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने कोरोना योद्धा डॉ. परपेटुआ मिन्ज टिग्गा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली सरकार की तरफ से एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि का चेक सौंपा। स्वर्गीय डॉ. परपेटुआ मिन्ज टिग्गा मदर एंड चाइल्ड वेलफेयर सेंटर, तिलक नगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी थीं। मुलाकात के दौरान मंत्री कैलाश गहलोत ने कोरोना योद्धा के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें केजरीवाल सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार हमेशा अपनी जान की परवाह किए बिना मानवता और समाज की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले कोरोना योद्धाओं के परिवारों के साथ खड़ी रहेगी। मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि कोई भी राशि किसी प्रियजन के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती है, यह सम्मान राशि दिल्ली सरकार द्वारा इन कोरोना योद्धाओं के बलिदान को श्रद्धांजलि देने का एक तरीका है।






**कांग्रेस और भाजपा ने दिया समर्थन**

# अपनी मांगों को लेकर एमसीडी सफाई कर्मियों ने निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों ने दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के गेट नंबर 5 के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने भी सफाई कर्मियों को समर्थन देने की बात कही। वहीं, यहां विभिन्न सफाई कर्मियों की यूनियनों के पदाधिकारियों ने सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम सरकार ने कभी भी निगम सफाई कर्मियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया और उन्हें पूरा नहीं किया।

इस कड़ी ठंड में सफाई कर्मियों ने नग्न अवस्था में भी प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती और महापौर डॉ शैली ओबरॉय को यह चेतावनी दी कि अगर हमारी प्रस्तावित मांगों को नहीं माना गया तो पूरी दिल्ली में काम बंद हड़ताल की जाएगी, जिसके लिए दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार जिम्मेदार होंगी। प्रदर्शन में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश सहित कांग्रेस के कई पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम में सफाई कर्मियों के हो रहे शोषण के विरुद्ध आप सरकार पर बड़ा आरोप लगाया।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एक तरफ तो महापौर डॉ. शैली ओबरॉय दिल्ली में साफ सफाई का जायजा लेने के लिए दौरा कर रही हैं वहीं दूसरी तरफ निगम के सफाई कर्मचारी अपने शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हुए धरना दे रहे हैं। राजा इकबाल ने कहा कि आरंभ से ही आप सरकार की कार्यप्रणाली कर्मचारी विरोधी रही है तथा आप पार्टी पिछले दरवाजे से निगम में ठेकेदारी प्रथा को लाकर अपने चहेते ठेकेदारों को अनुचित लाभ दिलाना चाह रही है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एक तरफ तो आप पार्टी ढिंढोरा पीट रही थी कि हम कच्चे कर्मियों को पक्का करेंगे। वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मचारी आज भी पक्का होने के इंतजार में हैं। भाजपा निगम प्रशासन से मांग करती है कि निगम विद्यालयों में कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों एवं चौकीदारों को भी पक्का करने की दिशा में कार्य किया जाए।



**जनता को धोखा दे रहे है आप नेता : कांग्रेस**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लवली ने कहा कि दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के सत्ताधारी दल एमसीडी चुनाव में निगम में अस्थाई कर्मियों को पक्का करने के वादे के साथ सत्ता में आए थे परंतु आज तक न केवल सफाई कर्मियों को पक्का किया बल्कि दिल्ली सरकार के डीटीसी कर्मचारी, जल बोर्ड, होमगार्ड, सिविल डिफेंस, शिक्षा विभाग के कर्मियों को भी इसलिए पक्का नहीं किया क्योंकि इनको पूरा वेतन और भत्ते देने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मियों के हक के पैसे मारकर सत्ता में बैठे नेता अपने प्रचार और सब्सिडी देने के रुप में जनता को धोखा दे रहे है। वहीं, पूर्व विधायक जय किशन ने कहा कि करुणामूलक आधार और 1 मार्च 96 से 31 मार्च 98 तक जितने निगम में कार्यरत कर्मचारी है उनका नियमितीकरण किया जाए और 1 मार्च 98 से 31 मार्च 2000 तक के कर्मियों को 2 साल के बैच अनुसार पक्का किया जाए। उन्होंने कहा कि निगम से सेवानिवृत व मृतक कर्मियों के अंतिम लाभांश का भुगतान 3 माह के अंदर किया जाए। उन्होंने कहा कि करुणामूलक आधार बोर्ड को जोन स्तर पर बैठाया जाए। यदि कर्मियों की मांगे नहीं मानी गई तो निगम और दिल्ली सरकार की सत्ता में बैठे नेताओं को सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बंधवाड़ी से जल्द हटेगा डंपिग स्टेशन



**गुरुग्राम।** जेजेपी युवा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी ने कहा कि गांव बंधवाड़ी से जल्द ही डंपिग स्टेशन हटाया जाएगा। जिससे नारकीय जीवन जी रहे यहां के निवासियों को राहत मिलेगी और वे स्वस्थ वातावरण में सांस ले सकेंगे। मनोज बंधवाड़ी ने कहा कि डंपिंग स्टेशन के चलते गांव के लोगों का बुरा हाल है। यहां से गुजरने वाले लोगों को ही बदबू से परेशानी होती है।

### मंदिर का दान-पात्र तोड़ नगदी व सामान चोरी



**गुरुग्राम।** सोहना एरिया में चोर गांव जखौपुर शिव मंदिर का दानपत्र तोड़कर नगदी व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। यह पूरा मामला सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में मंदिर के पुजारी श्योराज ने बताया कि बीती रात करीब 11.30 बजे मंदिर में एक अज्ञात चोर ने दान पात्र को तोड़कर उसमें से नगदी चोरी कर ली।

### युवक पर किया जानलेवा हमला, केस दर्ज



**गुरुग्राम।** बादशाहपुर थाना एरिया के गांव पलड़ा में रिश्तेदारों द्वारा युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। युवक ने अपने ताऊ, ताई व उनके बेटे पर जानलेवा करने व मारपीट के साथ गले से सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव पलड़ा निवासी शिवम ने बताया।

### सनरूफ खोल कर शराब पी फिर बनाई रील



**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम में चलती कार की सनरूफ से बाहर निकलकर व खिड़की से बाहर हाथ निकालकर शराब के ग्लास लहराते, हुड़दंगबाजी करने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा यह वीडियो सोहना एलिवेटेड रोड का बताया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो सामने आने पर पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि एक ब्रेजा की सनरूफ खोलकर दो युवक खड़े हैं।

श्री सिद्धदाता आश्रम के महाराज की पहल पर

# सर्दियों से बचाव के लिए मरीजों और परिजनों को कंबल सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्री सिद्धदाता आश्रम के अधिष्ठाता जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के निर्देश पर स्वयंसेवकों ने एनआईटी तीन स्थित ईएसआई अस्पताल प्रबंधन को सर्दियों से बचाव के लिए कंबल सौंपे जिनका इस्तेमाल मरीजों एवं उनके परिजनों को सर्दियों से बचाने के लिए किया जाएगा।

आश्रम के स्वयंसेवकों ने ईएसआई अस्पताल प्रबंधन से मुलाकात की और उन्हें 50 कंबल सौंपे और भविष्य में भी सहयोग जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर अस्पताल के एमएस डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. एके पांडे एवं डिप्टी एमएस डॉ. निशा रजनी ने यह कंबल प्राप्त किए और गुरु महाराज का धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि दीन दुखियों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है और आश्रम इस काम को बड़े लंबे समय से करता आ रहा है।

**खास बातें**

- दीन दुखियों की सेवा सबसे बड़ा धर्म
- ईएसआई अस्पताल प्रबंधन ने जताया आभार
- आश्रम की ओर से दान, सेवा, सत्संग का आयोजन




### जरूरतमंदों की सेवा आगे भी करते रहेंगे

इस अवसर पर आश्रम के सेवा प्रमुख ज्ञानेन्द्र शर्मा ने कहा कि जनहित सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आश्रम एवं सभी सेवाओं का संचालन किया जाता है। इसके तहत हम गुरु महाराज के निर्देश पर अनेक जगहों पर दान, सेवा, सत्संग आदि के आयोजन करते हैं। जिसमें स्थानीय लोगों एवं प्रशासन से भी भरपूर प्रशंसा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आज एक बार फिर हमने गुरु महाराज से कंबल प्रसाद रूप में प्राप्त किए और यहां ईएसआई प्रबंधन को दिए हैं। जिनका प्रयोग यह अपनी जरूरत के हिसाब से जरूरतमंदों के बीच करेंगे। हम इससे पहले भी इस अस्पताल में चैरिटी करते रहे हैं और आगे भी समयानुसार यह प्रकल्प चलेंगे। इस अवसर पर आश्रम के प्रबंधक मिथलेश राय, नवल किशोर शर्मा, मदन, अनिल, रॉबिन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

# गंग नगर से खोड़ा के लिए पाइप लाइन के द्वारा जलापूर्ति की जाएगी, प्रोजेक्ट तैयार किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

खोड़ा के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। बीते लंबे समय से नगर पालिका खोड़ा में पेयजल, और सीवरेज की समस्या खत्म होने जा रही है। जल निगम ने एक प्रोजेक्ट तैयार किया है ताकि गंग नगर से खोड़ा के लिए पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जाऐगी इसका रोडमैप भी तैयार हो गया है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

वीके सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग में अधिकारियों की अदला बदली के कारण यह प्रोजेक्ट बीच में लटका रहा लेकिन अब इसके लिए गम्भीर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने इस संबंध में मीटिंग करते हुए साल 2023 के मार्च में अधिकारियों को आदेश दिया है कि



नोएडा अथॉरिटी के माध्यम से खोड़ा को पानी सप्लाई दी जा सके।

सिंह ने बताया कि गंगा जल प्रोजेक्ट यूनिट यूपी जल निगम अर्बन गाजियाबाद चीफ इंजीनियर यूपी राजेश कुमार पंकज, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर कंस्ट्रक्शन सर्किल यूपी जल निगम अर्बन, एक्सिटिव इंजीनियर के साथ बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस प्रोजेक्ट की डीपीआर फाइनल करके इस पर जल्दी से जल्दी कार्य शुरू कराएं।

इस कार्य की विशेष निगरानी के लिए कर्नल यूबी सिंह को लगाया गया है। गंग नहर के माध्यम से सीधा पानी की सप्लाई खोड़ा में लाने के लिए एक अन्य प्रोजेक्ट को भी मंजूरी मिल गयी है। इसका डीपीआर सिंचाई विभाग द्वारा बनाया जा चुका है।

### मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल



**फरीदाबाद।** प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर विपुल गोयल ने सीएम मनोहर लाल को अपनी नई जिम्मेदारी के संदर्भ में धन्यवाद दिया। विपुल गोयल ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के समर्थन और सहयोग के लिए भी धन्यवाद करते हुए कहा कि वो इस नई जिम्मेदारी और भरोसे के लिये सभी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते है। उन्होंने सीएम विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया और कहा कि वह इस नई जिम्मेदारी में उनके मार्गदर्शन और समर्थन का उत्तरदायित्व सही तरीके से निभाएंगे।

3 करोड़ 80 लाख के कार्यों का महापौर ने किया शिलान्यास

# शहर में जलापूर्ति करना नगर निगम का मूल कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने मोहन नगर जोन में 15वें वित्त आयोग से पासकार्य पास कराए कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें वार्ड 82 शहीद नगर में विभिन्न स्थानों पर 5000 मीटर की एचडीपीई पेयजलापूर्ति की लाईन की लागत एक करोड़ 62 लाख एवं वार्ड 10 डीएलएफ कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर 7000 मीटर की पेयजलापूर्ति की लाईन की लागत 2 करोड़ 20 लाख के कार्य का शामिल है।

महापौर ने बताया कि वर्षों पुरानी पाइप लाइन जगह-जगह टूट गई थी और जर्जर हालत में थी जिसमें कुछ स्थान पर आज तक पानी की लाईन ही नहीं थी। पहली बार नगर निगम की पानी की लाइन घर-घर पहुँचेगी जिससे हज़ारों लोगों को पेयजल सुविधा मिलेगी। यह लोग पानी के टैंक से पानी लेते हैं, अब अब सभी के घर नल से पानी पहुँचेगा।

महापौर ने वार्ड 16 के गढ़ी सिकरोड गाँव में 27 लाख की लागत से नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स के कार्य का शिलान्यास किया। पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद किरण, पार्षद नीलम, पार्षद रवि भाटी आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री मनोहर पहुंचे बिट्टू बजरंगी के निवास पर

# महेश पांचाल को दी श्रद्धांजलि, पत्नी, पुत्री व अन्य परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज नूंह हिंसा के आरोपी और गौ रक्षा फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी के घर उनके भाई महेश पांचाल के निधन के बाद श्रद्धांजलि देने पहुंचे। जहां पर उन्होंने महेश पांचाल को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री खट्टर ने राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी, मृतक महेश पांचाल की पत्नी, पुत्री व अन्य परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।

इस मौके पर उनके साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, सीएम के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेंद्र शर्मा बबली, नीरा तोमर, यशबीर डागर, सुखबीर मलेरना, दशरथ शर्मा, भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, एडीसी आनन्द शर्मा, एसडीएम अमित मान मौजूद रहे।

परिवार को सांत्वना और स्वर्गीय महेश पांचाल को श्रद्धांजलि देने के बाद मनोहर लाल खट्टर सेक्टर-12 ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग लेने के लिए रवाना हो गए।

गौरतलब है कि मृतक महेश पांचाल के द्वारा दिए गए बयान के मुताबिक बीते 13-14 दिसंबर की रात को पर्वतीय कॉलोनी स्थित बाबा मंडी में कुछ लड़कों ने पहले महेश पांचाल से पूछा था कि क्या तुम बिट्टू बजरंगी के भाई हो जब महेश पांचाल ने हां की तो उन्होंने उसके ऊपर कोई ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी थी।

### मांगों को लेकर किसानों ने जीडीए कार्यालय घेरा, लगा जाम

**गाजियाबाद।** अपनी मांगों को लेकर विकसित की जा रही वेव सिटी एवं सन सिटी से प्रभावित किसानों ने जीडीए का घेराव किया। इस दौरान किसानों ने जीडीए गेट पर धरना दिया और ट्रैक्टर व अन्य वाहनों को आड़ा तिरछा खड़ा कर दिया। इस दौरान बस अड्डा चौराहे पर खासा जाम लग गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | देवीलाल पार्क, सेक्टर-1, वार्ड नं. 11, रोहतक में दीवारों के साथ-साथ कच्चा ट्रैक को पूरा करना। | 08.01.2024 22.01.2024 | 3.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmai.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24070/I/88/7 दि. 10.01.24



**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** 40 साल, **कद:** 5'6", **रंग:** गेहुँआ, **पहनावा:** मैला कंबल और ऊनी टी-शर्ट पहने हुए है । जो दिनांक 22.11.2023 को कालकाजी डिपो के पास, दिल्ली में मृत पाया गया । इस संदर्भ में **डीडी संख्या. 48A दिनांक 22.11.2023 को पुलिस थाना गोविंदपुर, दिल्ली** में दर्ज है ।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना गोविंदपुर, दिल्ली
Ph. : 011-29980049, 8750870932

DP/407/SE/2024



**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** 33–35 वर्ष, **रंग:** सांवला, **कद:** 5'6'', **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, जिसने काले रंग का स्वेटर और नीले रंग की कमीज पहनी थी, जो दिनांक 08.01.2024 को बीएसईएस ऑफिस, पुल पहाड़ गंज, नबी करीम, दिल्ली में मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 39ए, दिनांक 08.01.2024 को थाना नबी करीम, दिल्ली** में दर्ज है।

जिसके मृत शरीर को आरएमएल अस्पताल के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना नबी करीम, दिल्ली
फोन: 011-23521081, 8750870428

DP/395/CD/2024


# मोहित हत्याकांड में 16वां आरोपी काबू




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने 26 अक्टूबर 2022 को लाठी-डंडों से चोट मारकर की गई मोहित की हत्या के मामले में 16वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में वारदात के मुख्य आरोपी करण तथा उसके पिता मुकेश, राहुल, विशाल, कुनाल, सुमित, शुभम, निशांत, संजय, आकाश, विनय, शुभम, भोला उर्फ राजकुमार, हर्ष को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अभी दो आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अभिषेक है जो फरीदाबाद के महावतपुर गांव का रहने वाला है। 26 अक्टूबर 2022 को मृतक मोहित की पत्नी द्वारा भूपानी थाने में की गई शिकायत में बताया था कि 25-26 अक्टूबर की रात आरोपी व उसके 17-18 अन्य साथियों ने कुल्हाड़ी लाठी व डंडों से चोट मारकर मोहित को घायल कर दिया।

# युवक की हत्या करने वाले दो काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान सिंह की टीम ने 22 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दीपक तथा नीरज का नाम शामिल है। आरोपी दीपक फरीदाबाद के रोशन नगर तथा नीरज अगवानपुर गांव का रहने वाला है। विगत 8 जनवरी को पल्ला थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी दीपक ने अपने साथी नीरज के साथ मिलकर 22 वर्षीय अफजल की पत्थर से चोट मारकर हत्या कर दी थी। दरअसल दीपक और अफजल पुराने दोस्त थे जो गांजे का नशा करते थे और चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। दीपक तथा अफजल दोनों चोरी के मुकदमे में जेल जा चुके हैं। अफजल के खिलाफ चोरी, लड़ाई झगड़ा, अवैध हथियार के 8 मुकदमे दर्ज थे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चटिया औलिया में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 102.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | रामधारी पुत्र गिन्नी से सज्जन पुत्र माया से तालाब (पांच तालाब प्रणाली) तक नाला का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 19.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | ब्लॉक सोनीपत में गांव सलीमसर माजरा, भडाना, गुहणा, सलारपुर माजरा, चटिया, संदल कलां, संदल खुर्द और गांव ठरू में नाला 2×2 और 1.5 तथा 1.5 का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 156.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सिटवाली, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट में बरामदे का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 57.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | इशरगढ़ – गांव इशरगढ़, ब्लॉक पिपली, जिला कुरुक्षेत्र में ई.आई. और पी.एच. कार्यों समेत सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 09.01.2024 30.01.2024 | 311.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज ढाण्ड, कैथल | गांव कौल में कपिल मुनि तीर्थ में लाल डोरा नं. 3597/1 में गेट, स्टेज, चारदिवारी, पेवर ब्लॉक का निर्माण + 2 कार्य। | 08.01.2024 15.01.2024 | 17.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416043370 sdoprdhand@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव चकला दामोग कानेर ग्राम जी.पी. कोटी ब्लॉक मोरनी में गली का निर्माण + 1 कार्य। | 08.01.2024 15.01.2024 | 13.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | कैनाल कॉलोनी, हिसार में क्वार्टर नं. 1-ए से 5-ए तक व्हाइटवॉशिंग, डिस्टेम्परिंग, स्नोसेम और पेंटिंग हेतु आकलन + 5 कार्य। | 09.01.2024 19.01.2024 | 60.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237870 xenwsdnhsrhsr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज भुना फतेहाबाद | देहमान – गांव देहमान ब्लॉक भुना, जिला फतेहाबाद में संत कबीर भवन की चारदिवारी का निर्माण + 13 कार्य। | 05.12.2024 12.01.2024 | 76.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9355850099 DALBIRSINGH571974@GMAIL.COM |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | संवर्धन कैनाल पर आरडी 33.983 कि.मी. पर वी.आर. ब्रिज के निर्माण हेतु नये एचएसआर 2021 के अनुरूप विस्तृत आकलन और बीओक्यू, वर्किंग ड्राइंग, विस्तृत डिजाइनिंग, विस्तृत प्रोजेक्ट, उपलब्ध सरकारी भूमि और मौजूदा हैड रेगुलेटर स्ट्रक्चर्स के संदर्भ सहित पुलों के उपयुक्त अलाइनमेंट की फिक्सिंग और जीएडी की तैयारी, भू-तकनीकी जांच, क्षेत्र का टोपोग्राफिक सर्वेक्षण आयोजित करने हेतु परामर्शदायी सेवा। | 08.01.2024 18.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 8295173400 xeninddivn@yahoo.in |
| 11 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में काला आम्ब सढ़ौरा बराड़ा शाहबाद रोड (एसएच-04) पर 40 मिमी बीसी के मजबूतीकरण का प्रावधान आईडी 743. | 09.01.2024 29.01.2024 | 859.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भडाना, ब्लॉक सोनीपत जैडपी में कर्मबीर के मकान से मनोज पुत्र रमेश के खेत तक बीओई वे का निर्माण + 3 कार्य। | 09.01.2024 12.01.2024 | 46.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | कैंडल स्टिक, माचिस, क्लॉथ (मार्किंग), ब्लेड, सेलो टेप, रबर बैंड्स, थिन ट्विन थ्रेड, कैरी बैग (क्लॉथ), प्लास्टिक ट्रांसपेरेंट बॉक्स, प्लास्टिक कप, सेल्फ सीलिंग जिप लॉक। | 11.01.2024 18.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रानिला में परशुराम चौपाल में हॉल का निर्माण (डी-प्लान) + 1 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 16.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां, ब्लॉक बोंद कलां में एससी चौपाल का निर्माण। | 09.01.2024 16.01.2024 | 6.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/300/24093/I/88/7 दि. 10.01.24

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भक्तों की भेंट

# गाजे-बाजे के साथ भगवान राम को समर्पित किया अष्टधातु का बना 24 क्विंटल वजनी घंटा, कई किमी.तक गूंजती रहेगी ध्वनि

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्री रामजन्मभूमि पर जब से मंदिर का निर्माण चल रहा है, भक्त भांति-भांति से अपनी श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं। इसी क्रम में श्री रामजन्मभूमि पर बन रहे रामलला के मंदिर के लिए जलेसर में निर्मित किया गया 24 क्विंटल अष्टधातु का घंटा मंगलवार को यहां पहुंचा। इसे रामलला को समर्पित किया गया। पीतल से निर्मित इस घंटे की विशेषता यह है कि इसकी ध्वनि कई किलोमीटर तक जाएगी और देर तक गूंजती रहेगी।



### एटा के मित्तल परिवार ने बनाया

यह घंटा एटा के आदित्य मित्तल परिवार ने बनवाया है। इसे जलेसर के सावित्री ट्रेडर्स कारखाने में तैयार किया गया था। इसे तैयार करने में 50 से अधिक की संख्या में श्रमिक लगे थे। लेकिन मुख्य रूप से आठ कारीगरों ने इसे तैयार किया। भक्तिभावी मित्तल परिवार इसे रथनुमा वाहन गाजे-बाजे के साथ अयोध्या लेकर आया है।

### शोभायात्रा में शामिल रहे कारीगर

घंटा तैयार होने के बाद इन सभी कारीगरों को शोभायात्रा में साथ ही रखा गया। मुख्य कारीगर दाऊदयाल कुशवाहा की इस टीम में पूरन, मनोज, उमेश, पुष्पेंद्र, पवन, अमन और श्याम शामिल रहे। न सिर्फ शोभायात्रा, बल्कि उन्हें अयोध्या धाम तक ले जाया गया। घंटा निर्माता मित्तल ने बताया कि घंटा बनाने में इन कारीगरों की विशेष भूमिका रही है। अयोध्या जाना उनका हक बनता था। इसलिए उन्हें साथ में लेकर गए। बताया कि मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को यह घंटा सौंपा गया। जहां इन कारीगरों को सम्मानित किया गया।

### कारसेवकपुरम में रखवाया गया है

मित्तल ने बताया कि मंगलवार रात को यह घंटा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के सुपुर्द कर दिया गया था। बुधवार को इसे वाहन से उतारा गया। फिलहाल इसे कारसेवकपुरम में रखवाया गया है। मंदिर निर्माण पूरा होने पर इसे मुख्य परिसर के सामने लगाने की बात बताई गई है। आदित्य मित्तल ने बताया कि रात के समय घंटा ट्रस्ट को दिया गया। इसके बाद सभी लोगों के ठहरने की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही की गई थी। सुबह के समय रामलला की आरती में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। प्रभु के दर्शन कर हम सभी अभिभूत हो गए।

### अयोध्या के लिए हर समय चलेंगी रोडवेज बसें

लखनऊ। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर योगी सरकार ने यूपी परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि अयोध्या संचालन से संबधित बसों की हर समय उपलब्धता रहे, अयोध्या के लिए संचालित होने वाली बसें समय-सारणी के अनुसार संचालित हों और श्रद्धालुओं के लिए यात्रा के दौरान बसों में भजन एवं राम धुन बजती रहनी चाहिए। निर्देश दिए गए कि बसों में साफ-सफाई रहे। बस स्टैंड पर शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।




### खबर संक्षेप

#### सरकारी छात्रावास में अचानक 30 छात्राएं बीमार



आरा। बिहार के आरा में अम्बेडकर छात्रावास में पढ़ने वाली करीब 30 बच्चियां फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गई। जहां बीमार करीब एक दर्जन बच्चियों को गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी छात्राएं छात्रावास में बने कच्चे चावल और असंतुलित खाना खाने से बीमार हुई हैं। इस घटना के बाद अम्बेडकर छात्रावास में पढ़ने वाली सभी छात्राएं भूख-हड़ताल पर बैठ गई हैं।

#### बाल्टी से पीट पीटकर अंडा विक्रेता की हत्या

रुड़की। रुड़की में अंडा विक्रेता युवक की मामूली झगड़े में बाल्टी से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी अंबर तालाब निवासी आकाश उर्फ शालू (35) आईआईटी के शताब्दी द्वार के पास अंडे बेचता है। दुकान से थोड़ी दूरी पर मंगलवार देर रात उसके दोस्त की कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। आकाश अपने दोस्त का झगड़ा शांत कराने के लिए मौके पर पहुंचा। इस बीच दोस्त के साथ झगड़ रहे युवकों ने आकाश पर हमला शुरू कर दिया।



## सीएम योगी ने बरेली में विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर कहा

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या आइए सारा खर्च विधायक और सासंद उठाएंगे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बरेली में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। सीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रामलला के दर्शन करने अयोध्या आइए, सारा खर्च विधायक और सांसद उठाएंगे।







एजेंसी ▶▶ बरेली

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बरेली के सर्वांगीण विकास के लिए क्लब मैदान में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अवसर पर 3,405 करोड़ लागत की 170 लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि रामलला के दर्शन करने अयोध्या आइए, सारा खर्च विधायक और सासंद उठाएंगे।

### खास बातें

- 22 जनवरी को दीपोत्सव द्वारा नए भारत में सहयोग दें
- पहले देश, फिर समाज, फिर परिवार और फिर व्यक्ति
- नाथ नगरी कॉरिडोर बनाएंगे

### पीएम का 'विजन' ही हमारा 'मिशन'

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो 'विजन' है, वही हमारा 'मिशन' है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब अयोध्या नाम से कइयों को करंट लगता था। लोग अयोध्या का नाम लेने भी डरते थे, लेकिन आज पूरी दुनिया अयोध्या आना चाहती है। नए यूपी में त्रेतायुगीन स्वरूप दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि एयर कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है ताकि सम्मान से लोग आएंगे, रामलला के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में एक ऐसा सेवन स्टार होटल बनेगा, जिसमें केवल शाकाहारी भोजन मिलेगा। उन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को हर वर्ष आयोजित करने की घोषणा भी की।



### स्मार्ट सिटी की सरकार में डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन जोड़ने पर जताया आभार

सीएम ने नगर निगम चुनाव में जीत दिलाने के लिए बरेली की जनता का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की सरकार में डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन जोड़ने की जरूरत थी। जनता ने भरोसा जताया और उमेश गौतम को मेयर चुना। सीएम ने कहा कि वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बना तो बरेली में भी नाथ नगरी कॉरिडोर बनाया जा रहा है।

### *7 दिन स्वच्छता कार्यक्रम चलाएं*

*सीएम योगी ने कहा कि आप सभी लोगों को अयोध्या आना है, 22 जनवरी के बाद दर्शन के लिए आइए। विधायक और सांसद के जरिए अयोध्या आइए। सारा खर्चा जनप्रतिनिधि उठाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 से 20 जनवरी तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाएं। नगर, गांव घर को स्वच्छ कीजिए। जैसे दिवाली पर करते हैं।*

*16 जनवरी से राम नाम संकीर्तन कीजिए। 22 जनवरी को नगर में भंडारा का आयोजन कीजिए। दीपोत्सव के जरिए नए भारत में सहयोग कीजिए। उन्होंने कहा कि हर नागरिक कर्तव्य है कि हर काम देश के नाम। पहले देश, फिर समाज, फिर परिवार और फिर व्यक्ति है।*

### बयानों से बाज नहीं आ रहे मौर्य

## कारसेवकों पर चलवाई गई गोलियों को सही ठहराया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह आगामी 22 जनवरी को होने वाला है। लेकिन इससे पहले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की लगातार बयानबाजी जारी है। सपा प्रमुख और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव द्वारा नसीहत देने के बाद भी मौर्य ने अब कारसेवकों पर चलवाई गई गोलियों को सही ठहराया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, 'जिस समय अयोध्या में राम मंदिर पर घटना घटी थी। बिना किसी न्यायालय के आदेश और बिना किसी प्रशासनिक आदेश के बड़े पैमाने पर अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी। तब तत्कालीन सरकार ने संविधान की रक्षा के लिए, कानून की रक्षा के लिए और अमन चैन कायम रखने के लिए उस समय जो गोली चलवाई थी। वो सरकार का अपना कर्तव्य था। सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया था।

### मौर्य 'बौद्धिक आतंकवादी'

अयोध्या में हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास ने मौर्य के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें बौद्धिक आतंकवादी तक करार दिया। उन्होंने कहा कि ये बयान बेहद दुखद हैं। ये शुद्ध रूप से बौद्धिक आतंकवाद को बढ़ावा देता है और ये बौद्धिक आतंकवाद जिस प्रकार सनातनियों को आहत करता है उसकी कोई तुलना नहीं। सनातनियों में रोष है रामभक्तों का इस तरह से अपशब्द का प्रयोग करना, रामजन्मभूमि से दो-तीन किमी की दूरी पर गोलियाँ चलाना और इस तरह कुकृत्य को तर्क देकर इस तरह जस्टिफाई करना कि सपा सरकार ने जो किया था वो सही किया था। राजूदास ने कहा कि हम इसका पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं और निंदा करते हैं। मैं सीएम योगी से मांग करता हूँ कि इस तरह के बौद्धिक आतंकवादी के साथ वहीं व्यवहार करना चाहिए जो आतंकवादी के साथ होता है।



### *... वह काला दिन था*

*केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल ने भी पलटवार किया हैं। उन्होंने कहा कि कारसेवकों पर गोली चलाना नहीं था, मैं उनकी बातों से सहमत नहीं हूं। भारत के लोकतंत्र में वो काला दिवस था। उस समय इसलिए गोली चलाई गई थी कि हर गोली से एक कारसेवक मरे। इस घटना से बचा जा सकता था लेकिन, जानबूझकर कारसेवकों मारा गया।*

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी बोले:...

जितने बड़े होंगे, मेरा संकल्प भी उतना ही बड़ा होगा। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नह्यान, मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्त के राष्ट्रपति खोसे रामोस होर्ता, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेत्र फियाला, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उद्घाटन सत्र में शामिल थे।

### भारत और यूएई...

उनके विश्वास, उनका सहयोग बहुत ही गर्मजोशी से भरा हुआ है। इस समिट में भी भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास के लिए रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए, इनोवेटिव हेल्थ केयर में निवेश के लिए कई महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। भारत के पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में यूएई की कंपनियों द्वारा कई बिलियन डॉलर के नए निवेश पर सहमति बनी है। यूएई के सॉवरन वेल फंड द्वारा गिफ्ट सिटी में ऑपरेशन शुरू किए जाएंगे। यहां एयरक्राफ्ट और शिप लीजिंग एक्टिविटी भी शुरू करने जा रही है।

### मोजांबिक, चेक गणराज्य...

रामोस होर्ता का गांधीनगर आना और विशेष है। पीएम ने बताया राष्ट्रपति रामोस होर्ता ने महात्मा गांधी जी अहिंसा के सिद्धांत को अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा है। आसियान और इंडो पैसिफिक के क्षेत्र में तिमोर लेस्ते के साथ हमारा सहयोग बहुत अहम है।

### सूरजकुण्ड हस्तशिल्प...

ने राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए बताया कि सूरजकुण्ड मेले का उद्घाटन करने के उनके निमंत्रण को राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। वे दो फरवरी को इस मेले का विधिवत उद्घाटन करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से प्रदेश सरकार के प्रयासों को और अधिक हौसला मिलेगा।

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हरियाणा से अयोध्या के लिए चलाई जाएगी विशेष ट्रेन:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सदियों से देशवासियों को इस दिन का इंतजार था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो और अब वह घड़ी आ गई है, जब मंदिर पूर्णतया बनकर तैयार है। इस मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस भव्य मंदिर के उद्घाटन अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश के जनमानस में खुशी की लहर है। आज देश में वैसा ही माहौल है जैसा सदियों पहले भगवान श्री रामचन्द्र की लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने पर था। वैसा ही देश में 22 जनवरी को दीपावली जैसा वातावरण रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा से 9 फरवरी को अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। कुछ लोगों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत फ्री ले जाया जाएगा और इस योजना के दायरे में नहीं आने वाले लोग, जिनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक है, किराया भरकर जा सकेंगें।

### वाईब्रेंट गुजरात कार्यक्रम...

रखे गए है। इस कार्यक्रम में अफ्रीकन देशों से हरियाणा का कैसे जुड़ाव हो सकता है और वहां के लोग यहां क्या योगदान दे सकते हैं, शिक्षा, टेक्नोलॉजी आदि विषयों पर चर्चा होगी और हम अफ्रीकन देशों में कृषि क्षेत्र में मददगार हो सकते हैं।

### सोनिया-खड़गे नहीं ...

मकर संक्राति के मौके पर राम मंदिर के दर्शन करने जा रहे हैं। जयराम रमेश ने कहा है कि ये पूरी तरह भाजपा-संघ का कार्यक्रम है। इससे पहले शशि थरूर ने भी कहा था कि धर्म सभी का निजी होता है, उस पर सियासत करना सही नहीं। भाजपा नेता अनिल एंटनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विनाशकाले विपरीत बुद्धि!

### जो राम को नहीं मानते, ...

से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए गए हर फैसले कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है।

### यात्रियों की बल्ले....

टिकट बुकिंग शुरू की है। यह ऑफर 11 जनवरी, 2024 तक कुछ चुनिंदा रूट्स की बुकिंग के लिए है। हालांकि, ऑफर के तहत टिकट बुकिंग कर आप 30 सितंबर 2024 तक ट्रैवल कर सकेंगे। एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह बुकिंग बेंगलुरु-चेन्नई, दिल्ली-जयपुर, बेंगलुरु-कोच्चि, दिल्ली-ग्वालियर और कोलकाता-बागडोगरा जैसे रूट्स के लिए है। बता दें कि टाटा ग्रुप की इस एयरलाइन के बेड़े में 63 विमान हैं। इसमें 35 बोइंग 737 और 28 एयरबस ए320 हैं। इसके तहत एयर इंडिया एक्सप्रेस हर दिन 325 से अधिक उड़ानों के माध्यम से 31 घरेलू और 14 विदेशी हवाई अड्डों को जोड़ता है।

### गुजरात सरकार ने श्रीमद्भागवत...

प्रदेश में लोगों को बांटी जाएंगी। डॉ. तिवारी ने बताया कि गुजरात सरकार ने विद्यार्थियों में वितरित करने के लिए श्रीमद्भागवत गीता की 50 लाख प्रतियों की मांग की है।

### गीता प्रेस के पास...

की कई भाषाओं व आकार प्रकार में 3.27 लाख प्रतियों की छपाई हुई, सभी बिक चुकी हैं। हनुमान चालीसा की 13.50 लाख प्रतियां प्रकाशित की गई। मात्र 30 हजार स्टॉक में हैं। दो लाख प्रतियां और तैयार की जा रही हैं।

## केंद्रीय एजेंसियों के सवालों का जवाब न दें: सोरेन

एजेंसी ▶▶ रांची



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सात समन भेजने के बाद भी पूछताछ के लिए सीएम सोरेन ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। अब केंद्र के साथ टकराव को बढ़ाते हुए, झारखंड सरकार ने सभी विभागों को निर्देश जारी किया है कि वे केंद्रीय एजेंसियों के किसी भी सवाल का जवाब न दें या फिर उनको सीधे कोई भी दस्तावेज न सौंपें। विभागों को सभी सवालों के लिए कैबिनेट सचिवालय या सतर्कता विभाग को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। सीएम हेमंत सोरेन की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने सभी विभागों को लिखे एक गोपनीय पत्र में यह निर्देश दिए हैं।

### गिरिराज का खरगे के बयान पर पलटवार

## मोदी की विदेश नीति देखनी है तो जाकर प्रेसिडेंट टूडो से मिलें



बेगूसराय। बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान के बाद पलटवार कर उन्हें अपनी विदेश नीति पर चिंतन करने की बात कही है। दरअसल, खरगे ने कहा था कि मोदी सरकार की विदेश नीति ठीक नहीं है। इसी वजह से आज मालदीव तक में इनका विरोध हो रहा है।

**यूक्रेन-रूस युद्ध में भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकला**

गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर मोदी की विदेश नीति के संबंध में जानना है तो कनाडा के प्रेसिडेंट टूडो से जाकर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब यूक्रेन-रूस का युद्ध चल रहा था, तब पचास हजार से अधिक भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकला था।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | गांव खरखड़ी जिला भिवानी में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय हेतु रीजनल रिसर्च स्टेशन में प्रशासनिक ब्लॉक, इम्पलीमेंटेशन हॉल, लैब ब्लॉक, आंतरिक रोड का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | 12.71 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 eebhiwani2024.hsamb@gmail.com |
| 2 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र जिला चरखी दादरी में गांव मेहरा से खेड़ी बत्तेर तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (आईडी-10009) माननीय सी.एम. घोषणा कोड 26850 दिनांक 08.07.2022 + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 2.18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 eebhiwani2024.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24069/I/88/7 दि. 10.01.24



उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली, **दो पैकेट पद्धति** ई-निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थल:** समपार संख्या-43 उत्तर रेलवे के दिल्ली-अंबाला सेक्शन पर समालखा रेलवे स्टेशन के पास किमी:- 71/21-23 पर आकार 1x7.50x3.75 मीटर (3.00 मीटर क्लियर) पर रोड अंडर ब्रिज और समपार संख्या-110-ए उत्तर रेलवे के दिल्ली-भटिंडा खंड पर जींद रेलवे स्टेशन के पास किमी:- 123/7-9 पर आकार 1x5.50x3.15 मीटर (3.00 मीटर स्पष्ट) पर रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्या बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा। |
| 2 | **कार्य पूरा होने की अवधि:** 12 (बारह) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1291.52 लाख |
| 4 | **धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है):** रु.7,95,800/- |
| 5 | **ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय:** निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 12.01.2024 से 05.02.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय:** 05.02.2024 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 22.01.2024 से 05.02.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 11:30 बजे दिनांक 05.02.2024 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

संख्या: 522-Acs-RUB-43A & 110A/Samalkha/Jind/CSB दिनांक: 10.01.2024 110/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश कुमार प्रोपराइटर आफ मेसर्स V-GA Shirts, C/o- 6164 गली नंबर 5, ब्लॉक नंबर 1, नई दिल्ली-110005, एवं मकान नंबर 243, ग्राउंड फ्लोर, स्ट्रीट नंबर 12, थान सिंह नगर आनंद पर्वत पुलिस जिम के पास, नई दिल्ली-110005 ने केस रजि. संख्या 354/2019, धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना माडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **केस रजि. संख्या 354/2019, धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना माडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशु सहलोथ**
महानगर दंडाधिकारी-03
कोर्ट नं0 213, (उत्तर)
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/244/NW/2024 (Court Matter)



हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईई बहादुरगढ़ में सेक्टर-17 में मैटल्ड रोड की स्वीपिंग और ठोस कचरे का निपटान। | 10.01.2024 18.01.2024 | 12.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416767348 ia.bahadurgarh@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी, औद्योगिक सम्पदा करनाल में सेक्टर-3 एक्सटेंशन में आर एंड आर पॉकेट में सड़कों और पीएचई सेवाओं अर्थात जलापूर्ति, सीवरेज सिस्टम, स्टॉर्म वाटर सिस्टम का विकास। | 10.01.2024 31.01.2024 | 255.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829230 ia.kamal@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | आईई बहादुरगढ़ में सेक्टर-16 में मैटल्ड रोड की स्वीपिंग और ठोस कचरे का निपटान। | 10.01.2024 18.01.2024 | 13.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416767348 ia.bahadurgarh@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-59, फरीदाबाद में स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम के प्रावधान हेतु कार्य। | 08.01.2024 29.01.2024 | 59.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | se.electrical@hsiidc.org.in |
| 5 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-68, आईएमटी फरीदाबाद में पार्किंग, बूथ, क्योस्क और ढाबा स्थलों के वैद्युतीकरण कार्य हेतु कार्य। | 08.01.2024 29.01.2024 | 36.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | se.electrical@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/100/24067/I/88/7 दि. 10.01.24



शरीर को एक्टिव और फिट बनाए रखने के लिए आजकल लोगों में जिम जाने का ट्रेंड बढ़ा है। लेकिन कई बार सही जानकारी के अभाव में इससे फायदे के बजाय नुकसान हो जाता है। वर्कआउट करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# जिम इंजरी से ऐसे बचें

प्रिकॉशन

विनीता



कई बार जिम में एक्सरसाइजं के दौरान होने वाली छोटी-छोटी गलतियां बड़ी परेशानी की वजह बन जाती हैं। वर्कआउट के दौरान लोगों को किस तरह की इंजरी हो सकती हैं और उससे बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, आइए यहां डिटेल में जानते हैं।

**मसल्स में खिंचाव:** शुरुआती दौर में वर्कआउट करने वाले लोगों को अकसर कंधे, हाथ, गर्दन और कमर की मांसपेशियों में खिंचाव महसूस होता है। इसकी वजह से उन्हें झुकने, उठने, बैठने या हाथों से कोई सामान उठाने में तकलीफ होती है।

**क्या करें:** आमतौर पर प्रैक्टिस से धीरे-धीरे यह समस्या दूर हो जाती है। फिर भी दर्द ज्यादा हो तो तुंरत अपने ट्रेनर को इसकी जानकारी दें।

**ओवर यूज स्ट्रेस:** कुछ लोग जिम में देर तक वर्कआउट करते हैं, जिससे उनके पूरे शरीर में तेज दर्द होने लगता है। इसी समस्या को ओवर यूज स्ट्रेस कहा जाता है।



**क्या करें:** एक ही दिन में अपनी क्षमता से अधिक वर्कआउट करने की कोशिश ना करें, इससे फायदे के बजाय नुकसान होता है। प्रैक्टिस के साथ धीरे-धीरे अपने वर्कआउट की टाइमिंग बढ़ाएं।

**कार्टिलेज टियर्स:** जोड़ों की सुरक्षा के लिए उनके आस-पास सॉफ्ट टिश्यूज का कुशन सा बना होता है। बार-बार गलत तरीके से एक्सरसाइज करने के कारण जोड़ों में स्पेस बन जाता है, जिसे कार्टिलेज टियर्स कहा जाता है।

**क्या करें:** बिना देर किए अस्थि रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। चोट गहरी है तो लेप्रोस्कोपी के जरिए क्षतिग्रस्त टिश्यूज की मरम्मत की जरूरत पड़ती है।

**शोल्डर इंपिजमेंट:** एक्सरसाइज के दौरान कुछ लोग कंधे पर बहुत ज्यादा जोर डालते हैं, जिससे कमजोर मांसपेशियां अकड़ जाती हैं। कंधे की इन मसल्स को रोटेटर कफ कहा जाता है। जब ये मांसपेशियां कंधे पर दबाव डालती हैं तो इससे दर्द होता है। इसी समस्या को शोल्डर इंपिजमेंट कहा जाता है।

**क्या करें:** कंधे के दर्द को अनदेखा ना करें, कई बार टूटी-फूटी मसल्स को जोड़ने के लिए लेप्रोस्कोपी सर्जरी की भी जरूरत पड़ती है।

**एंकल या रिस्ट में खिंचाव:** कुछ लोग सही फिटिंग के जूते नहीं पहनते, इसलिए वॉर्मअप के लिए दौड़ते समय उनके टखने में मोच आ जाती है। इसी तरह कई बार झटके के साथ वेट लिफ्टिंग करने वाले लागों की कलाई में मोच आ जाती है।

**क्या करें:** हमेशा सही फिटिंग के जूते पहनें और पहली बार में अधिक वजन उठाने की कोशिश ना करें।

**कमर में दर्द:** वेट लिफ्टिंग करने वाले लोग अगर अपनी क्षमता से अधिक वजन उठा लें तो उनके कमर में दर्द या स्लिप डिस्क की समस्या हो सकती है।

**क्या करें:** अगर कमर में दर्द हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और उनके सभी निर्देशों का पालन करें।



**इनका भी रखें ध्यान:** अच्छी तरह जांचने-परखने के बाद ही किसी जिम का चुनाव करें।

- शुरुआत में 15 मिनट तक वार्मअप और बीच में थोड़ा रिलैक्स करना ना भूलें।
- रोजाना एक ही तरह की एक्सरसाइज करने के बजाय अपनी जरूरत के अनुसार अलग-अलग तरीके का वर्कआउट करें।
- वेट लिफ्टिंग के लिए हमेशा कम वजन से शुरुआत करें और धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं।
- जिम में एक्सरसाइज करने के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए डिब्बाबंद प्रोटीन का चुनाव न करें बल्कि अपनी डाइट में अंडा, चिकन, फिश, चना, दालों, स्प्राउट और पनीर की मात्रा बढ़ाकर प्राकृतिक स्रोत से प्रोटीन की जरूरत को पूरा करें। *

**(मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. एल. तोमर से बातचीत पर आधारित)**

डॉक्टर्स एडवाइस

देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए सब-वेरिएंट जेएन.1 के मामले आने से लोग डरे हुए हैं, लेकिन घबराने की बात नहीं है। कोरोना वायरस के इस नए सब-वेरिएंट से सुरक्षा के लिए आपको अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना होगा। साथ ही कुछ सावधानियों पर अमल भी करें। इस बारे में जानिए एक्सपर्ट डॉक्टर्स की राय।

# कोविड इंफेक्शन से बचाव के लिए इम्यून सिस्टम को बनाएं स्ट्रॉन्ग







हाल के कुछ समय में कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन.1 संक्रमण के मामले कई राज्यों में आ रहे हैं। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वायरस के गंभीर होने की संभावना को कम बताया है, लेकिन इसका प्रसार तेजी से हो सकता है, इसलिए बचाव के लिए सतर्क रहना बहुत जरूरी है। ऐसे में कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। साथ ही आपको अपने इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

## ऐसे बढ़ाएं इम्यूनिटी

शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए, इस बारे में पूछने पर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन-**डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, 'किसी भी तरह की बीमारी से बचाव के लिए आपको अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए आप अपनी डेली डाइट में विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। क्योंकि इनमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो आपके शरीर को घातक वायरस और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करते हैं। इसके लिए अपनी डाइट में बादाम, मूंगफली, एवोकाडो और चुकंदर जैसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें। रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए आपको विटामिन सी से युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे- नीबू, संतरा, स्ट्रॉबेरी, आंवला और केले आदि को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे- शकरकंद, हरी सब्जियां, ब्रोकली और शिमला मिर्च आदि डाइट में शामिल करें।'

डॉ. पंकज आगे बताते हैं, 'खान-पान के अलावा वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। वैक्सीनेशन की मदद से आप अपने इम्यून सिस्टम को काफी मजबूत कर सकते हैं। इसलिए वैक्सीनेशन की सभी डोज अगर नहीं ली है तो जरूर लें। इसके अलावा आपको संक्रमण से सुरक्षा के लिए अपने नाक, कान और गले को साफ रखना जरूरी है। अपने हाथों को लगातार साफ करते रहना है। साथ ही नियमित योग अभ्यास और एक्सरसाइज करते रहें।'

## साफ-सफाई का रखें ख्याल



कोविड इंफेक्शन के बचने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन- **डॉ. नवनीत सूद** सलाह देते हैं, 'संक्रमण से सुरक्षा के लिए आप अपने नाक और गले को अच्छी तरह साफ रखें, क्योंकि कोरोना का संक्रमण नाक और गले के माध्यम से ही अधिकांशतः फैलता है। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद अपने गले और नाक की अच्छी तरह सफाई करें। सोने से पहले स्टीम का प्रयोग काफी लाभकारी साबित होता है। उसके साथ ही आंख, मुंह और नाक की भी सफाई अच्छी तरह से करें। हाथों को भी अच्छी तरह साफ करें। इसके लिए कुछ अंतराल पर हाथों को साबुन से धोते रहें या सैनिटाइजर से साफ करें। तुलसी और अदरक के काढ़े का सेवन करें और गर्म पानी के गरारे भी करते रहें। साथ ही इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए आपको नियमित रूप से व्यायाम और योग करते रहना चाहिए। रोजाना एक्सरसाइज के लिए 30 से 45 मिनट जरूर दें। किसी भी तरह के तनाव से दूर रहें क्योंकि कई बार मानसिक तनाव और अवसाद इम्यून सिस्टम पर बुरा प्रभाव डालते हैं।'

## सर्दी-फ्लू से बचाव के तरीके

कोरोना वायरस के संक्रमण के अलावा सामान्य सर्दी और फ्लू से बचना भी जरूरी है। ऐसा क्यों, इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी- **डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'अपनी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए इस मौसम में आप खुद को सामान्य फ्लू से भी बचाने की कोशिश करें, क्योंकि इससे भी इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचता है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाहर से आने के बाद घर में घुसते ही सबसे पहले हाथों को अच्छे से धोएं। उसके बाद आंख, मुंह और नाक की भी सफाई अच्छी तरह से करें। सामान्य पानी पीने की बजाय गुनगुने पानी का ही सेवन करें। थोड़ी-थोड़ी देर पर हाथों को सैनिटाइज करें। सर्दी-जुकाम होने पर गर्म पानी के गरारे करें।



कोरोना वायरस हो या अन्य कोई घातक बीमारी, किसी भी तरह की बीमारी से बचाव के लिए आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होना बहुत जरूरी है। अगर आपको बहुत जल्दी जुकाम या फ्लू हो जाता है तो डॉक्टर से कंसल्ट करके फ्लू की वैक्सीन लगवा लें। बच्चे, बुजुर्ग, प्रेग्नेंट महिलाएं और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को खास सावधानी बरतनी चाहिए। अगर आपको कोरोना से जुड़े लक्षण महसूस हों तो बिना देर किए नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें और जरूरी जांच भी अवश्य करवाएं। इससे समय रहते आपका ट्रीटमेंट हो जाएगा। *

**प्रस्तुति : सेहत फीचर्स**

सजेशन

# धूप लेने से बढ़ती है इम्यूनिटी



सर्दी के दिनों में कुछ देर धूप में बैठने से भी इम्यूनिटी बढ़ती है। सर्दियों की गुनगुनी धूप स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होती है। इस बारे में राम मनोहर लाहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली में डायटीशियन **अंजलि** बताती हैं, 'घंटों धूप में बैठकर बातें करना, काम करना या नींद लेना काफी फायदेमंद होता है। अब से कुछ दशक पहले तक पहले ये कॉमन एक्टिविटीज हुआ करती थीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली में लोगों के पास धूप लेने का समय ही नहीं है। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। शरीर को स्वस्थ रखने और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए जिस प्रकार संतुलित भोजन जरूरी है। ठीक उसी प्रकार शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और उसे बढ़ाने के लिए सर्दियों में कुछ देर धूप में बैठना जरूरी है। सर्दियों में धूप सेंकने से नींद बेहतर होती है। दरअसल, सूरज की रोशनी की वजह से हमारे शरीर में मौजूद मेलाटोनिन केमिकल कंट्रोल होता है, जो नींद को बेहतर बनाने में सहायक होता है। धूप सेंकने से हमारे शरीर की सरकेडियन रिदम (प्राकृतिक आंतरिक घड़ी) सुधरती है। ठंड में धूप में बैठने से अंदर से खुशी मिलती है, क्योंकि इससे शरीर में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ता है। यह हार्मोन डिप्रेशन को कम करके हमें क्षुश रखता है। सर्दियों में धूप सेंकने से फोकस बढ़ता है और याददाश्त अच्छी होती है। धूप सेंकने से विटामिन डी बनता है। शरीर को स्वस्थ रखने में विटामिन डी बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। विटामिन-डी से इम्यूनिटी बढ़ती है और हड्डियां मजबूत होती हैं। सर्दियों में धूप सेंकने से डायबिटीज, हार्ट डिजीज और कुछ तरह के कैंसर का खतरा कम होता है। विटामिन-डी ऑस्टियोपोरोसिस के रिस्क को भी कम करता है। सर्दियों में धूप सेंकने से आलस दूर होता है, तनाव, नींद की समस्या, फोबिया, सिजोफ्रेनिया जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। इससे सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन बढ़ता है, इससे संक्रमण से बचने में मदद मिलती है।' *

**-अजेश कुमार**

हेल्थ स्टडी

# जब यूज करें अलार्म क्लॉक



हम में से बहुत लोग सुबह जल्द उठने के लिए अलार्म क्लॉक का यूज करते हैं। हालांकि आजकल अधिकांश लोग अलार्म क्लॉक के बजाय मोबाइल में अलार्म फिट करके सोते हैं। इनसे हमें समय पर उठने और अपनी रूटीन को सही वक्त पर शुरू करने में मदद मिलती है। लेकिन जापान की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल हेल्थ के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन मे पाया है कि अलार्म क्लॉक की मदद से जागने पर हार्ट रेट बढ़ने और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुबह गहरी नींद में अचानक तेज अलार्म बजने से स्ट्रेस लेवल भी बढ़ता है। अगर आप अलार्म क्लॉक के बिना समय पर नहीं उठ सकते हैं तो फिर इसे अपने सिर से कम से कम एक मीटर दूर रखें और आवाज धीमी और मधुर टोन रखें। कई महिलाएं मानती हैं कि शादी, ब्याह या ईवनिंग पार्टीज में ग्लिटर वाली आईशैडो लगाए बिना मेकअप कंप्लीट नहीं हो पाता है। ग्लिटर आईशैडो से चेहरे के सौंदर्य में चार चांद लग जाते हैं। लेकिन नेत्र रोग विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लिटर आईशैडो आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे आंखों में इंफेक्शन, ड्राई आई सिंड्रोम और कॉर्निया में इरिटेशन की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए अगर आपको कोई आइज प्रॉब्लम है तो ग्लिटर आईशैडो लगाने से बचें। अगर आपकी आइज हेल्दी हैं तो भी ग्लिटर आईशैडो प्रयोग करने से पहले आई प्राइमर लगाना ठीक रहता है ताकि ये अपनी जगह पर टिकी रहे। *

**-शिखर चंद जैन**

एलर्टनेस

संध्या सिंह

अगर आप हार्ट पेशेंट हैं तो इस कड़ाके की सर्दी में हार्ट अटैक का रिस्क बढ़ सकता है। ऐसे में इसकी प्रॉपर केयर करनी जरूरी है। जानिए हार्ट अटैक के संकेत, बचाव के तरीकों के बारे में।

# सर्दी के इस मौसम में हार्ट की करें प्रॉपर केयर



सर्दी के मौसम में गर्मी की तुलना में हार्ट अटैक का खतरा 25 फीसदी बढ़ जाता है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोग यह बात नहीं जानते कि ऐसा क्यों होता है? आइए, इस बारे में जान लेते हैं।

## हार्ट अटैक अधिक होने की वजहें

सर्दी के मौसम में हार्मोनल बदलाव, ब्लड में कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ाते हैं। इसकी वजह से ब्लड उस स्थान पर पहुंचने में परेशानी महसूस करता है, जहां उसे वास्तव में जाना होता है। इसलिए लोगों को हार्ट अटैक इस मौसम में कहीं ज्यादा होता है। इसकी एक वजह यह भी है कि सर्दी के मौसम में सबका रक्तचाप बढ़ा होता है, जिस कारण कोरोनरी धमनियां संकुचित हो जाती हैं। इससे हृदय और उसकी मांसपेशियों में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो जाता है। इसलिए भी इस मौसम में दिल का दौरा बाकी मौसमों की तुलना में ज्यादा पड़ता है।

## ऐसे पहचानें संकेत

हार्ट अटैक के चार प्रमुख संकेत होते हैं। इनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

- जब भी सीने में जकड़न और बेचैनी महसूस हो तो सावधान हो जाएं, यह दिल के दौरे का मूक संकेत हो सकता है।
- जब सांसें अचानक बहुत तेजी से चलने लगें और कोशिश करने के बाद भी नियंत्रण में ना आएं, तो मान लेना चाहिए कि दिल में कुछ गड़बड़ है।
- जब चक्कर आ रहा हो। साथ में बिना किसी वजह के पसीना भी बह रहा हो, तो इसे चिंतित करने वाला लक्षण समझना चाहिए। यह दिल के दौरे का सूचक हो सकता है।
- नब्ज कमजोर हो रही हो, साथ में बेचैनी भी बढ़ रही हो तो यह हार्ट अटैक का मूक संकेत हो सकता है।

इनके अलावा भी कई तरह के संकेत हो सकते हैं। मसलन पीठ, जबड़े या बाईं बांह में अचानक बहुत कमजोरी और पैरालिसिस की फीलिंग का होना। कभी-कभी यह दर्द दाईं बांह तक भी फैल जाता है। इस समय कई बार सीने में बिल्कुल दर्द नहीं होता। लेकिन यह भी दिल के दौरे का दर्द हो सकता है।

## बचाव के उपाय

अगर आपकी या आपके घर में किसी सदस्य की हार्ट डिजीज की हिस्ट्री रही हो, तो ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच हर छह महीने में करवाएं। फिर जांच के आधार पर डॉक्टर जिन भी दवाईयों का सेवन करने के लिए कहें, उसे लेते रहें।

- इस मौसम में अपने शरीर को ज्यादातर समय ऊनी कपड़ों से ढंककर रखें। भले बहुत सर्दी ना लग रही हो, लेकिन फिर भी सर्दी से बचाव का पूरा इंतजाम करके रखें।
- ऐसी जगहों और कार्यक्रमों में जाने से बचें, जहां देर तक खुले में यानी सीधे ठंड की जद में रहना हो।
- सर्दियों में नियमित व्यायाम करें। जिम जाना संभव ना हो, तो घर में ही थोड़ा बहुत व्यायाम जरूर करें।
- खाने में मौसमी फलों और सब्जियों को शामिल करें।
- इस मौसम में कम पानी पीने की भूल ना करें, कम से कम दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पीएं और संभव हो तो गुनगुना पानी पीएं।
- अपने वजन के बढ़ने पर नियंत्रण रखें।
- दिमाग में किसी भी तरह के तनाव को हावी ना होने दें। जितना हो सके दोस्तों या जिन लोगों से भावनात्मक रिश्ते महसूस करते हों, उनके साथ अच्छा समय बिताएं।
- इस मौसम में एक साथ ज्यादा खाना ना खाएं, बल्कि कई बार मील लें। इससे शरीर में ऊर्जा की निरंतरता बनी रहती है।

## इन बातों का भी ध्यान रखें

- अगर आपको हार्ट प्रॉब्लम है तो सर्दियों के मौसम में जब सुबह घर से निकलें तो खुद को पूरी तरह से ढंककर जाएं।
- अगर आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं तो इस मौसम में ब्लड प्रेशर की दवा लेना कतई ना भूलें। हार्ट और ब्लड प्रेशर दोनों के मरीज हैं, तो इस मौसम में ब्लड थिनर अवश्य लें।

कुल मिलाकर कहने की बात यह है कि सर्दियों में विशेष रूप से अपने हृदय की सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दियां इसके लिए खतरनाक होती है। *



'संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका विषय पर रखे अपने-अपने विचार'

16वीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ

# लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर संवैधानिक दायित्वों और संसदीय परंपराओं का पालन करें: सांसद डॉ. सत्यपाल

कानून का पालन कराने मॉनिटरिंग करना भी विधायिका का काम है | संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से हुआ कार्यक्रम | सीएम बोले- सरकार सभी विधायकों को सुविधाएं देने का प्रयास करेगी | सदन में गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी सदस्यों की: बिरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा की लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के अध्यक्ष सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि विधायक चुना जाना सम्मान और विश्वास की बात है। सभी नवनिर्वाचित विधायक समृद्ध लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर अपने संवैधानिक दायित्वों और संसदीय परंपराओं का पूरी गरिमा के साथ पालन करें। तर्कपूर्ण तरीके से अपनी बात रखें। सिंह मंगलवार को मप्र विधानसभा के मानसरोवर सभागार में सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को 'संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित विधायकों को मार्गदर्शन देते हुए सांसद डॉ. सिंह ने कहा कि ज्ञान आधारित आधुनिक समाज में जो पढ़ेगा-लिखेगा, वहीं आगे बढ़ेगा। नियम कानूनों का व्यापक अध्ययन करें और अपना विधिक ज्ञानवर्धन कर जनता के हित की बात पूरी जिम्मेदारी के साथ रखें। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सहयोगी वक्ता के रूप में राज्यसभा के पूर्व संयुक्त सचिव प्रदीप चतुर्वेदी और मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह सहित श्रोता के रूप में सभी नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे।

### नियम-कानून बनाना है

सांसद डॉ. सिंह ने कहा कि विधायिका का मूल काम नियम-कानून बनाना है। कार्यपालिका से इन नियम-कानूनों का पालन कराने के लिए मॉनिटरिंग करना भी विधायिका का ही काम है। विधायक अपनी यह जिम्मेदारी पूरी क्षमता से निभाएं। उन्होंने कहा कि यह नए भारत के निर्माण का कालखण्ड है। मौलिक विचारों और नवाचारों को कार्यरूप में परिणित होते देखने का समय है। नए भारत के निर्माण के लिए हमें दलीय राजनीति से परे एक हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक विधानसभा और इसकी समितियों में अपनी बात रखते समय वाणी और व्यवहार में संयम रखें, अनुशासित रहें।

### तोमर ने बारीकियों की जानकारी दी

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नवनिर्वाचित विधायकों को इन समितियों की आवश्यकता और विषय से जुड़ी सभी बारीकियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। सहयोगी वक्ता के रूप में राज्यसभा के पूर्व संयुक्त सचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने विधायकों को संसदीय समितियों के प्रकारों व इनके गठन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी अधिकांश समितियां वहीं है, जो संसद में भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि स्थायी, अस्थायी, प्रवर समितियों के अलावा मंत्रालयीन समितियां भी गठित की जाती हैं। ये समितियां जो अनुशंसाएं करती है, राज्य व केन्द्र सरकार उनका पालन करती हैं।

नवनिर्वाचित विधायकों को दी विधानसभा कार्रवाई की जानकारी



### तोमर की ई-विधानसभा की मांग, यादव का समर्थन का आश्वासन

*भोपाल। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष विधानसभा में ई-विधान व्यवस्था की मांग की, जिस पर डॉ. यादव ने इस दिशा में सरकार के पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। तोमर यहां विधानसभा में मप्र विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी संबोधन हुआ। तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अनुरोध किया कि राज्य विधानसभा में ई-विधान की व्यवस्था हो, इससे जुड़ी परियोजना सरकार के पास विचाराधीन है, जो मंजूर हो जाए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने विधानसभा को आधुनिक संसाधनों के साथ आगे बढ़ाने की जो बात कही है, मैं विश्वास दिलाता हूं कि मप्र सरकार आपकी बात का पूर्ण समर्थन करते हुए हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी।' एमएलए रेस्ट हाउस के प्रस्ताव पर डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी विधायकों को उसकी सुविधा देने का प्रयास करेगी।*

### सदन में सदस्यों का आचरण गरिमापूर्ण होना चाहिए: ओम बिरला

*भोपाल। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि विधान मंडल गरिमा के साथ चलनी चाहिए। सदन में सदस्यों का आचरण गरिमापूर्ण होना चाहिए। सदन की गरिमा के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। उनसे यह पूछा कि लोकसभा में 141 सदस्य बाहर कर दिए गए, आखिर में यह कितना उचित है? बिरला ने कहा कि यह सदस्यों के आचरण पर निर्भर करता है। यदि उनका आचरण मर्यादा पूर्ण है, उनके कार्य में शालीनता और अच्छी परपंरा का निर्वहन होता है तो यह स्थिति कभी निर्मित नहीं हो सकती। स्पीकर बिरला ने कहा कि नियोजित तरीके से विधानसभा या लोकसभा नहीं चलने देना अच्छी बात नहीं हो सकती। यह सदन उन सभी का है, ऐसे में सदन में गरिमा बनाने की जिम्मेदारी भी उनकी ही है। उनका हमेशा से प्रयास रहता है कि गरिमा के साथ सदन की कार्यवाही चले। उन्होंने मप्र विधानसभा में रिसर्च सेंटर खोलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अध्यक्ष तोमर के संसदीय कार्य मंत्री रहते हुए ऑनलाइन कार्यवाही का काम शुरू हुआ था। आज 98 परसेंट तक सवाल जवाब ऑनलाइन आते हैं। राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा में एक समान संसदीय प्रक्रियाएं हो, इसके लिए हम प्रयासरत हैं।*

संसदीय कार्य मंत्री व नेता प्रतिपक्ष ने किया संबोधित

## मप्र विधानसभा की पुस्तकों का हुआ विमोचन प्रबोधन कार्यक्रम में अतिथियों का किया स्वागत

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुस्तकें की भेंट




**भोपाल।** विधानसभा में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में अतिथियों का मप्र की ओर से भावपूर्ण स्वागत किया गया। मप्र विधानसभा की ओर से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी अतिथियों ने किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और भारत के संविधान की पुस्तक भेंट की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह तथा लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विधानसभा सचिवालय ने लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राईड) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विधायकगण, संसदीय शिष्टाचार और आचरण, बजटीय प्रक्रियाएं और संसद, विधानमंडलों में वित्तीय कार्य, संसदीय विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों की सूचनाओं का महत्व और उपयोग तथा संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे।

**अतिथियों को स्मृति चिन्ह व संविधान की पुस्तक की गई भेंट**

श्रीराम के ननिहाल में उत्सव की तैयारी

## मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र-श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के दिन हो अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, संस्कृति और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र



लिखकर छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश की मांग की है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पत्र में कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। 22 जनवरी को उनकी जन्मस्थली अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर का भव्य लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर पूरी दुनिया भर के सनातनी हिंदू धर्मावलंबी हर्षित है। इस दिन पूरी दुनिया रामोत्सव मनाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री साय से पत्र में कहा कि इस हर्षोल्लास के अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी स्कूल कॉलेज सहित सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ में शुष्क दिवस घोषित

इससे पहले मुख्यमंत्री साय ने श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में शुष्क दिवस घोषित कर रखा है। मुख्यमंत्री साय ने इस बारे में आबकारी विभाग को निर्देश जारी किया है। आबकारी विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक इस दिन देसी-विदेशी शराब दुकानें बंद रहेगी। साथ ही होटल, बार, रेस्टोरेंट, क्लब में भी शराब परोसने पर प्रतिबंध लागू रहेगा।

बस दुर्घटना में 15 यात्री घायल

## रामलला के दर्शन करने जा रही तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए देशभर से राम भक्त रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी बीच मंगलवार की रात दुर्ग से रामभक्तों को लेकर टूर एंड ट्रैवल्स की एक बस अयोध्या जा रही थी। बुधवार की सुबह अंबिकापुर-बनारस मार्ग वाड्रफनगर के पास एक मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलम टूर एंड ट्रैवल्स की बस मंगलवार की रात दुर्ग से 42 रामभक्तों को लेकर अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने जा रही थी। बुधवार की सुबह बस अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर वाड्रफनगर से पहले खरहरा नाला मोड़ पर पहुंची थी। इसी दौरान ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को अन्य तीर्थयात्रियों व राहगीरों की मदद से वाड्रफनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां उनका इलाज जारी है।



### घने कोहरे से बस पलटी

वाड्रफनगर क्षेत्र में सुबह घना कोहरा छाया हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि कोहरे की वजह से मोड़ पर ड्राइवर को सड़क का अंदाजा नहीं लग पाया और बस अनियंत्रित हो गई होगी।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने की घोषणा

## राजीव गांधी न्याय योजना की मिलेगी चौथी किस्त

**जरहागांव।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि किसानों को मिलेगी। किसान चिंता न करें। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा। साव मुंगेली जिले के जरहागांव में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने जरहागांव पहुंचे थे।



जरहागांव स्थित गांधी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के बाद मीडिया से साव ने चर्चा की। यह पूछे जाने पर कि किसानों को बीते वर्ष धान बेचने के एवज में राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि नहीं मिल पाई है। विधानसभा चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के कारण राज्य सरकार ने किसानों के बैंक खाते में किस्त की राशि जमा नहीं की। सवाल उठा कि क्या भाजपा सरकार किसानों के हित में चौथी किस्त की राशि देने का निर्णय लेगी। इस पर साव ने कहा कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा।

## हड़ताल सिर्फ अफवाह, हिट एंड रन का नया कानून लागू ही नहीं: सीजी सरकार

*ड्राइवर संगठनों के गाड़ियों के परिचालन से इन्कार का असर नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र सरकार ने हिट एंड रन के नए नियमों को वापस ले लिया है, इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के कुछ संगठनों ने बुधवार को एक बार फिर यातायात सुविधा बाधित करने के साथ ही गाड़ियों के परिचालन से इन्कार कर दिया है। हालांकि इसका कोई असर नहीं दिखा।

इधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने कहा, हिट एंड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। ऐसे में कुछ स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है।

### आगे कोई गतिविधि नहीं की जाएगी

दूसरी ओर यातायात महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली ने कहा है कि हिट एंड रन को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जो घोषणा की गई थी, उसके आधार पर हड़ताल वापस ले ली गई है। आगे इस तरह की कोई गतिविधि नहीं की जाएगी। कुछ ड्राइवरों द्वारा अनधिकृत रूप से संघ का नाम देकर ड्राइवरों व अन्य कर्मियों को बरगलाया जा रहा है और इस तरह से माहौल बनाया जा रहा है, जबकि संघ इनके साथ नहीं है। लोगों को पूर्व की तरह ही सारी सुविधाओं का लाभ मिलता रहेगा। आवागमन बाधित नहीं किया जाएगा।

उद्योगपतियों ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया

सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए प्रयास कर रही है | रायसेन में पांच स्पिनिंग इकाइयों का संचालन किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को कई उद्योगपतियों ने मुलाकात कर प्रदेश में निवेश व उद्योग लगाने में आ रही दिक्कतों तथा सहूलियतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जाएंगे। उद्योगपतियों को उद्योगों की इकाई लगाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। राज्य सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे थे। उनसे फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष अभय फिरोदिया, पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सुधीर मेहता, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निर्देशक आरएस जोशी एवं सागर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री को उद्योगपतियों ने अपने उद्योगों की जानकारी दी।

### उद्योगपतियों ने कुछ इस तरह से जानकारी दी

फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष अभय फिरोदिया ने बताया कि फोर्स मोटर्स लिमिटेड राज्य में 1987 से पीथमपुर में कार्यरत है। यह प्रदेश में 4515 करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है एवं 2200 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता ने बताया कि यह कंपनी राज्य के पीथमपुर में 1996 से कार्यरत है। प्रदेश में 175 करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है एवं एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। राज्य शासन की ओर से पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को उनकी नवीन परियोजना के लिए पीथमपुर में भूमि आवंटित की गई है। डॉ. मेहता ने एका मोबिलिटी कंपनी की भी जानकारी दी। इस कंपनी को पीथमपुर में संयंत्र स्थापित करने के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आरएस जोशी ने जानकारी दी कि कंपनी ने नीमच जिले में कैप्टिव पावर प्लांट के साथ 3 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का सीमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए 3 हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।



### भविष्य की योजनाओं के बारे में भी उद्योगपतियों ने दी जानकारी

*सागर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने बताया कि नर्मदा पुरम रोड के निकट अत्यधिक सुविधाओं से सुसज्जित सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की गई है। वर्तमान में रायसेन जिले में पांच स्पिनिंग इकाइयों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 500 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है और 2 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।*



हितग्राहियों को लाभ दिलाने में प्रथम स्थान लाएं

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

सीएम डॉ. यादव ने वीसी के माध्यम से हितग्राहियों से किया संवाद

ग्वालियर और सागर जिले के हितग्राहियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली यात्रा है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने वाली यात्रा से विकास का कारवां लगातार बढ़ता रहेगा। आगामी 26 जनवरी तक समाज को केंद्र की लोकहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात मंत्रालय में वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला ग्वालियर और सागर के हितग्राहियों से संवाद के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र 50 दिनों की अल्प अवधि में यात्रा के दौरान 10 करोड़ से अधिक लोगो को शासन की योजनाओं का लाभ मिला है।



भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने सभी तरह के प्रयास हो

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा के संचालन में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान जनता में लगातार उत्साह बनाए रखें और उन्हें केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सतत रूप से दे। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहें, इसका विशेष ध्यान रखें।*

### हितग्राही बोले- हमें कई योजनाओं का मिला लाभ

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर की रमा यादव और तोड़ा बाई एवं सागर के कल्याण प्रजापति और सीता प्रजापति से संवाद किया। हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हे मिला है। हितग्राहियों से कुशलक्षेम पूछ कर उन्हें सफल और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं सीएम ने दी।

## चिंतन

# महाराष्ट्र की उठा पटक पर लगना चाहिए विराम

चुनाव आयोग के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर बाला साहेब के पुत्र उद्धव गुट को बड़ा झटका दिया है। अपने फैसले में उन्होंने शिवसेना प्रमुख के अधिकार पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना के 1999 के संविधान के मुताबिक असली शिवसेना का फैसला किया गया। उद्धव का नेतृत्व पार्टी के संविधान के मुताबिक नहीं है। एकनाथ शिंदे को पार्टी विधायक दल के नेता के पद से हटाने का हक उद्धव ठाकरे के पास नहीं था। शिंदे गुट की याचिका पर पहले सुनवाई करते हुए स्पीकर ने कहा कि कौन असली शिवसेना है? इसका फैसला शिवसेना के संविधान और व्हिप के आधार पर किया गया। इसी आधार पर ही अयोग्यता पर भी फैसला किया। शिवसेना के संविधान पर दोनों पक्षों पर भरोसा जताया है। स्पीकर के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। स्पीकर ने कहा कि ये साफ है कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चुनाव आयोग ने इसी गुट को असली शिवसेना माना है। याद करें महाराष्ट्र में करीब डेढ़ साल पहले शिवसेना में बगावत हुई थी, जिसके बाद शिवसेना के उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उनके गुट के 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसका फैसला विधानसभा स्पीकर पर छोड़ दिया था। पिछले साल चुनाव आयोग का फैसला भी एकनाथ शिंदे गुट के पक्ष में गया था। आयोग ने शिवसेना पार्टी का नाम और चुनाव निशान दोनों उसे ही आवंटित किया था। अब स्पीकर के फैसले के बाद शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार (बीजेपी-शिवसेना और एनसीपी-अजित पवार गुट) की स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं उद्धव ठाकरे को धक्का लगा है और महा विकास अघाड़ी और इंडिया ब्लॉक में भी उनकी हैसियत घट जाएगी। वैसे भी स्पीकर के इस फैसले के बाद उद्धव गुट का सुप्रीम कोर्ट जाना तय नजर आ रहा है। क्योंकि आदित्य ठाकरे ने फैसले से पहले ही स्पीकर पर अविश्वास जता दिया था। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी गुट) सांसद संजय राउत ने पीएम मोदी के 12 जनवरी को होने वाले महाराष्ट्र दौरे पर सवाल उठाया था। इससे साफ है कि यह मुद्दा अभी खत्म नहीं होने वाला। अगले विधानसभा चुनाव के लिए अब महज कुछ ही माह शेष हैं, लेकिन प्रदेश की सियासत शांत होने का नाम ही नहीं ले रही। विस चुनाव के बाद पहले फडणवीस-अजित ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की शपथ ली। फिर एनसीपी, कांग्रेस, शिवसेना की सरकार बनी। डेढ़ साल पहले शिवसेना में टूट के बाद बीजेपी, एकनाथ शिंदे ने सरकार का गठन किया और बाद में अजीत पंवार उपमुख्यमंत्री बन गए। प्रदेश में राजनीतिक उठा पटक का खमियाजा जनता ने भुगता। होना तो यह चाहिए कि स्पीकर के फैसले के बाद अब इस पर पूर्णविराम लग जाए, लेकिन अभी भी राहत के आसार नजर नहीं आ रहे।

# समंदर में ताकतवर होता भारत



**समुद्री सुरक्षा**
प्रभात कुमार राय

उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का एलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है।

सोमालिया के तट पर समुद्री लुटेरों ने लाइबेरिया के एक मालवाहक जहाज, एमवी लीला नॉरफॉक को इसके क्रू मेंबर्स के साथ बंधक बना लिया। इस दल में भारतीय मूल के भी 15 क्रू मेंबर्स शामिल थे। सूचना प्राप्त होने के तत्काल पश्चात ही भारतीय नौसेना ने त्वरित तौर पर जवाबी कार्रवाई अंजाम दी और सभी क्रू मेंबर्स को सकुशल बचा लिया गया और जहाज को भी सकुशल बचा लिया गया। भारतीय नौसेना का शुक्रिया अदा करते हुए सभी क्रू मेंबर्स ने भारत माता की जय के नारे भी बुलंद किए।

भारतीय नौसेना का यह नेवल ऑपरेशन शुक्रवार 5 जनवरी की रात्रि को संपूर्ण हुआ। इस तरह से अदन की खाड़ी में होने वाली समुद्री डकैती का भारतीय नौसेना ने मुंहतोड़ जवाब दे दिया। आईएनसी चेन्नई और उसके कमांडो दस्ते मार्कोस ने लाइबेरिया के मालवाहक जहाज को अगवा करने की कोशिश को नाकाम कर डाला। तलाशी के दौरान समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले। ऐसा माना जा रहा है कि नौसेना से डर कर यह लुटेरे जहाज छोड़कर एकदम फरार हो गए। इससे पहले भी लाइबेरिया के जहाज एमवी केम प्लूटो पर डकैतों ने हमला किया था। इस जहाज में 21 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार थे। उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का ऐलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है। भारत अमेरिका के नेतृत्व वाली यूनिट रेड सी टास्क फोर्स का हिस्सा नहीं है।

अरब सागर की सीमा यमन, ओमान, पाकिस्तान, ईरान, भारत और मालदीव को छूती है।अरब सागर तेल और प्राकृतिक गैस का भी बड़ा भंडार और इस क्षेत्र में ऊर्जा का अहम संसाधन भी है। अरब सागर में ईरान, भारत और अमेरिका के नौसैनिक ऑपरेशन चलते हैं और यहां उनके कई नौसैनिक अड्डे भी हैं। इसलिए क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अरब सागर भारत के लिए अहम समुद्री इलाका है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अफ्रीका और मध्यपूर्व के देशों से लेकर एशियाई देशों के श्रम बाजारों और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए अरब सागर में स्थिरता बेहद जरूरी है। भारत की अरब सागर में अपनी एक विशेषज्ञता है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। अरब सागर में भारतीय नौसेना को चुनौती देना आसान नहीं है। पिछले महीने भारतीय नौसेना ने अरब सागर में माल्टा के जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की पहल की थी। भारत के इस ऑपरेशन का



सामरिक महत्व यह है कि भारत ये दिखाना चाहता है कि उसकी नौसेना के पास ऐसी घटनाओं को रोकने की क्षमता है और दूसरी बात ये कि जो अंतरराष्ट्रीय शिप कंपनियां इस रूट पर कारोबार कर रही हैं, उनको भारत की जरूरत है और वे भारत की ताकत व क्षमता को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। पिछले कुछ समय में हिंद महासागर और अरब सागर से लगे कई छोटे देशों का चीन की ओर झुकाव बढ़ता दिखा है। भारत की ये कार्रवाई इन देशों के लिए एक संदेश है। भारत ने इस कार्रवाई के जरिये ये संदेश दिया है कि आप चाहे जो कहें लेकिन यहां के समुद्री रास्तों और संचार को वही नियंत्रित करता है। ये कार्रवाई भारतीय नौसेना की ताकत और क्षमता का भी सुबूत है। पिछले दस साल में भारत ने नौसेना और तटरक्षक बलों को मजबूत किया है।

सितंबर 2008 में हांगकांग से यूरोप जा रहे एक मालवाहक जहाज पर समुद्री डाकुओं ने आक्रमण किया था और उसको अगवा करके सोमालिया के तट पर ले जाया गया था। इस जहाज के चालक दल में भी 18 भारतीय क्रू मेंबर्स थे। यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जबकि भारत सरकार को यह गंभीर एहसास हुआ कि भारतीय नौसेना को समुद्री डकैतियों को रोकने की खातिर आवश्यक कदम उठाने का हुक्म दिया जाए। नवंबर 2008 के दौरान भारतीय नौसेना को संयुक्त राष्ट्र से समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए सोमालिया के समुद्र में प्रवेश करने की अनुमति मिल गई थी। अतः भारतीय नौसेना अक्टूबर 2008 से ही अदन की खाड़ी में समुद्र डकैतियां पर काबू रखने के लिए अपने युद्धपोतों को तैनात करती रही है। अरब सागर में भारत आ रहे जहाजों पर ऐसे वक्त में हमले किए जा रहे हैं, जब लाल सागर में यमन के हूती विद्रोही इसराइल और उसके सहयोगी देशों से संबंद्ध जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

अदन की खाड़ी वस्तुतः व्यापारिक शिपिंग के लिए प्रमुख राजमार्ग रहा है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के देशों के तेल निर्यात के लिए जिसका तकरीबन 11 फीसदी पेट्रोलियम स्वेज नहर और अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है। भारत को सालाना 50 अरब डॉलर का आयात इस समुद्र मार्ग से प्राप्त होता है और इसी क्षेत्र से 60 अरब डॉलर का निर्यात भी होता है। वर्ष 2005 और 2012 के मध्य सोमालिया और अदन की खाड़ी के समुद्र में समुद्री डकैतियां प्रमुख तौर पर दनदनाती रहीं। पश्चिमी हिंद महासागर और अदन की खाड़ी में इन डकैतियों का दमन करने के लिए विशेष आचार संहिता को अपनाया गया। बहुराष्ट्रीय राष्ट्रीय नौ सेना गठबंधन के अधीन समुद्र में संयुक्त गश्त संचालित किए गए। भारत संयुक्त नेवल अभियानों का भी प्रमुख पर्यवेक्षक रहा है।

मलक्का जलडमरूमध्य मलेशिया सिंगापुर और इंडोनेशिया के मध्य स्थित है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गो में से एक रहा है, जहां से सालाना 65000 जहाज गुजरते हैं जो कि विश्व व्यापार का लगभग एक तिहाई और वैश्विक ऊर्जा पूर्ति का तकरीबन आधा हिस्सा तय करते हैं। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से भी जोड़ता है। यह समस्त इलाका समुद्री डकैतियों के लिए सबसे अधिक कुख्यात रहा। एशिया में जहाज़ों के खिलाफ समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौता 4 दिसंबर 2006 को इस क्षेत्र के लिए अनुबंध करने वाले 14 देशों द्वारा संपन्न किया गया था। इस क्षेत्रीय सहयोग समझौते में भारत भी एक महत्वपूर्ण सदस्य है। इसमें से समुद्री पायरेसी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए सूचना साझाकरण केंद्र भी शामिल है। एक दौर में इस इलाके में समुद्री डकैतियां चरम पर थीं। संयुक्त नेवल अभियान के परिणाम स्वरुप मलक्का जलडमरु मध्य क्षेत्र में समुद्री डकैतियों मे जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज सभी देश मिलकर समुद्री डकैतियों को रोकें।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

शुभ्रांशु चौधरी


# नया बजटः बस्तर पुनर्निर्माण आयोग की जरूरत

भारत में माओवादी आंदोलन के वर्तमान चरण के समापन का कार्य लगभग 80% पूरा हो गया है। इस समापन कार्य में सुरक्षा बलों की मुख्य भूमिका रही है जिनको स्थानीय लोगों का सहयोग मिला है। जैसा आप जानते हैं कि माओवादी आंदोलन का यह तीसरा दौर है। पहला चरण 1946 से 1951 तक चला था फिर दूसरा दौर 1967 से 1972 तक। अभी वाला सबसे लम्बा चलने वाला माओवादी आंदोलन है जो 1980 से शुरू हुआ था । किसी बीमार का जब ऑपरेशन होता है तो वह अक्सर चाकू छूरी से ही होता है पर ऑपरेशन के बाद रोगी फिर से स्वस्थ होकर खड़ा हो जाए इसके लिए पेनकिलर, एनेस्थीसिया, साफ़ सफ़ाई और सेवा-सुश्रुषा आदि की भी ज़रूरत होती है। छत्तीसगढ़ में 1980 से अब तक 44 सालों में लाखों लोग माओवादी आंदोलन के कारण पीड़ित हुए हैं, कुछ विस्थापित हुए, कई मारे गए, बहुत घायल हुए, हज़ारों जेल में रहे, कुछ यौन हिंसा के शिकार हुए आदि आदि अब इन सभी के दर्द को कम करने पर काम करने का भी समय है। एक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके अनुमान के अनुसार उनके ज़िले में 70% से अधिक पीड़ितों का सरकार के पास कोई रिकार्ड नहीं है। अधिकतर पीड़ित विभिन्न कारणों से पुलिस थाने में एफ़आईआर कराने नहीं आए या नहीं आ सके। बग़ैर एफ़आईआर के सरकार किसी को पीड़ित नहीं मानती। अब तक कोई सर्वे नहीं हुआ है कि कितने लोग अपना घर द्वार छोड़कर दूसरी जगहों पर रहने को मजबूर हुए हैं और अब भी बेहद तकलीफदेय ज़िंदगी जी रहे हैं। इन पीड़ितों की थोड़ी और मदद करना अब समाप्ति की ओर बढ़ रहे इस ओपरेशन में पेनकिलर का काम कर सकता है। अब बस्तर के पुनर्निर्माण पर काम शुरू करने का भी समय है बहुत से लोगों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है पर उनमें से बहुत को सरकार ने जो पुनर्वास का वादा किया था वह अब तक पूरा नहीं मिला है। बहुत से लोग हिंसा छोड़कर फिर से हिंसा के रास्ते में नहीं जाना चाहते थे पर उन्हें नौकरी पुलिस में दी गई है धारा 370 के विलोपन पर अपनी राय देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में जम्मू और कश्मीर में सत्य और सुलह आयोग (ट्रुथ एंड रिकोंसिलिएशन कमीशन) स्थापित करने का सुझाव दिया है. ऐसा ही कुछ यहां भी करने की ज़रूरत है जैसा दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में भी किया गया था।

बस्तर में माओवादी आंदोलन के समापन के लिए कई प्रयोग हुए हैं. अगर हम चाहते हैं कि इस इलाक़े में माओवाद की समस्या फिर से उठकर ना खड़ी हो तो उनमें से एक इंदिरा गांधी के बस्तर डेवलपमेंट प्लान पर भी फिर से नज़र डालने की ज़रूरत है जो उन्होंने उनकी हत्या के ठीक पहले 1984 में बनवाया था पर किसी ने उनके बाद उस पर ध्यान नहीं दिया बस्तर के कांकेर जेल में नक्सल क़ैदियों को काष्ठ शिल्प में ट्रेनिंग जैसे सफल प्रयोग हुए हैं. इन तरह के प्रयोगों को और आगे बढ़ाने और जेल से बाहर आने के बाद भी उनसे लगातार सम्पर्क में रहने की ज़रूरत है जो पुलिस अभियान के साथ साथ अगर चले तो ये ओपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की तरह काम करेंगे विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए हाल में शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का उपयोग भी इस कार्य के लिए किया जाना चाहिए. माओवादियों का मुख्यालय आज भी अबूझमाड़ क्षेत्र है जो प्रदेश की एक प्रमुख विशेष पिछड़ी जनजाति ( पीवीटीजी) अबूझमाडिया का निवास क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों में वन अधिकार क़ानून के सामान्य प्रावधानों का बढ़िया उपयोग किया जा रहा है पर इस समस्या के समाधान के लिए वन अधिकार क़ानून के एक विशेष प्रावधान हैबिटेट राइट या पर्यावास के अधिकार का उपयोग अबूझमाड़िया जैसे विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए अब तक नहीं किया गया है। वन अधिकार क़ानून के एक और विशेष प्रावधान वैकल्पिक भूमि का अधिकार ( धारा 3.1.एम) का उपयोग छत्तीसगढ़ से हिंसा के कारण विस्थापित होकर आँध्रप्रदेश और तेलंगाना भाग कर गए जनजातियों के लिए किए जाने की ज़रूरत है जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य को पहल करने की ज़रूरत है।

बस्तर के हर गाँव में आज गौठान है। गाय चूँकि आदिवासी संस्कृति का हिस्सा नहीं है इसलिए बस्तर के अक्सर गौठान में कोई गाय दिखाई नहीं देती। नए बजट में बस्तर के गौठानों को माओवादी आंदोलन के दौरान उस गाँव से मारे गए लोगों की याद में शांति वन में बदलने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। इन शांति वनों में उस इलाक़े के सभी जड़ी बूटियों का संरक्षण कर उन्हें स्थानीय वैद्यों की मदद से स्थानीय युवाओं के रोज़गार के लिए प्रोसेसिंग यूनिट की तरह भी विकसित किया जा सकता है। स्थानीय गोंड जनजाति के लोग अपने गोत्र के पवित्र पेड़ को सुरक्षित रखने के लिए इन शांति वनों का उपयोग करें तो ये “सेक्रेड ग्रोव” (पवित्र उपवन) की तरह भी विकसित हो सकते हैं। मिलिटरी की भाषा में इसे साइकोलोजिकल ऑपरेशन (साई ऑप) कहते हैं। बस्तर पुनर्निर्माण आयोग यह संदेश देगा कि प्रदेश अब माओवादी समस्या के दौर से आगे बढ़ कर भविष्य का सोच रहा है।

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
**प्रेरणा**

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मौसम की बेरुखी सबके लिए नुकसानदेह**

आज से कुछ साल पहले शिमला और अन्य पहाड़ी इलाकों में जितनी बर्फबारी होती थी और दिसंबर के अंतिम दिनों में बारिश भी हुआ करती थी, उतना सब कुछ अब नहीं हो रहा है। देश के कुछ क्षेत्रों में आजकल बारिश और बर्फबारी न होने के कारण वहां मौसमी फसलों के लिए यह नुकसानदेह साबित हो रहा है। खास तौर पर कोहरे के कारण भी फसलों को हानि हो रही है। जिन राज्यों में कृषि पूरी तरह बारिश पर ही निर्भर है, वहां तो यह दिक्कत और भी बड़ी सिद्ध होती है। अब अक्सर यह भी देखा जा रहा है कि जब बारिश की जरूरत नहीं होती है, तब बेमौसमी बारिश होती है। मौसम की बेरुखी फसलों के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकती है।

*- प्रवीण भट्टाचार्य, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### सईद पाक सरकार की हिरासत में सजा काट रहा



मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंक के वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 78 साल की सजा काट रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अद्यतन जानकारी में इस बात की पुष्टि की है। दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 'अल-कायदा प्रतिबंध समिति' ने सईद (73) को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। प्रतिबंध समिति ने संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर कहा, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित सात मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से वह (सईद) पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और 12 फरवरी 2020 से 78 साल की कैद की सजा काट रहा है। सईद वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता है और उसके प्रत्यर्पण के लिए भारत ने दिसंबर में पाकिस्तान से बातचीत की थी। 'सुरक्षा परिषद 1267 समिति' ने पिछले माह अपनी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची में लोगों और संस्थाओं की जब्त संपत्ति, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध से जुड़ी कुछ प्रविष्टियों में कई संशोधन किए थे।

## ऑफ बीट

### ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?



ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था - या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है।

## ट्रेंड

### दुनिया देख रही



दुनिया भारत को इस रूप में देखती है। स्थिरता महत्वपूर्ण, एक दोस्त जिस पर भरोसा किया जा सकता है। एक ऐसा भागीदार जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास रखता है। एक आवाज़ जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ठीक



बेल्जियम में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रणाली ठीक वैसी ही है जैसी इंडिया अलायंस ने चुनाव आयोग से मांग की है। स्मार्टमैट्रिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करने से चुनाव में मतदान करना कितना आसान है।

**-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता**


### हमें आगे बढ़ना होगा



अब हमें लक्षद्वीप के लिए विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी और हाई-एंड रिसॉर्ट्स विकसित करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा, लेकिन साथ ही द्वीपों के नाज़ुक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए प्रबंधन भी करना होगा।

**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

### भावनाएं जरुरी



भारत के किसी गांव में छोटे बच्चे को हमारा राष्ट्रीय गान गाते देख कर ही किसी ने सच कहा है, शब्द नहीं, भावनाएं ज़्यादा ज़रूरी होती है। मुझे ये वीडियो किसी ने भेजा। बच्चे का अता पता मिल जाए तो इसके जीवन भर की पढ़ाई का ज़िम्मा उठा सकते हैं।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# विदेशियों ने गरबा कर मचाया धमाल, पतंग महोत्सव में भी दिखे रामलला



## राजकोट में भी पतंगबाजी से चमका आसमान

गुजरात में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल का आगाज हो चुका है। राज्य के कई शहरों में पतंगबाजी चरम पर है। राजकोट में भी लोग पतंगों के उत्सव में भरपूर मजा ले रहे हैं।

**37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के**

## सूरत में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल

**सूरत।** गुजरात पर्यटन विभाग, नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा सूरत में सूर्यपुत्री तापी नदी के तट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव अडाजण रिवरफ्रंट पर शुरू हुआ। इस पतंग महोत्सव में 37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के, 14 महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक से और गुजरात से 39 सूरत के , 1 नवसारी से और 5 वडोदरा से और 2 भरूच से सहित कुल 97 पतंगबाजों ने भाग लिया। राम मंदिर को लेकर काफी उत्साह है। इस पतंग महोत्सव में भारत और राम मंदिर की तस्वीर वाली पतंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। इस पतंग उत्सव में रामधुन और जयश्री राम के गानों ने भी धूम मचाई। सुरतियों के साथ पतंगबाज भी इन गीतों पर झूमते रहे।

### अभी कई देशों की पतंगें भी आएंगी

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेने के लिए विदेश से आए विदेशी पतंगबाजों ने गरबा का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। इस पतंग महोत्सव में भाग लेने वाले देशों में फ्रांस, तुर्की, यूक्रेन, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड समेत कई देशों की पतंगें आएंगी। यह कार्यक्रम मकर संक्रांति तक चलेगा, जिसमें जाने माने मतंगबाज भी शिरकत करेंगे।


### इतने पतंगबाज

**14** महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक से

**39** सूरत के सबसे ज्यादा

**97** पतंगबाजों ने भाग लिया

**सीएम भूपेंद्र पटेल ने किया था इसका उद्घाटन**



## खबर संक्षेप

### भारत टेक्स 2024 का आयोजन अगले माह



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशनके तत्वावधान में कपड़ा मंत्रालय (मिनस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल) 26 से 29 फरवरी को आयोजित होने वाले 'भारत टेक्स 2024' के तहत तकनीकी वस्त्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने हैकथॉन का आयोजित करेगा। मंत्रालय प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों को बताएगा।

### केंद्रीय मंत्री अजय को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें हत्या के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बरी किए जाने के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया गया था। मामला 2000 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में प्रभात गुप्ता की हत्या से जुड़ा है। दो सदस्यीय पीठ ने फैसला दिया।

### प्रोफेसर की हथेली काटने वाला अरेस्ट



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के प्रोफेसर टीजे जोसेफ पर जानलेवा हमला मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच पूरी हो चुकी है। एनआईए का दावा है कि प्रोफेसर की हथेली काटने के मामले में 13 साल से फरार मुख्य आरोपी-सवाद को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी पर 10 लाख का इनाम भी रखा था।

### अब 1 दिन बिना बैग के स्कूल जाएंगे बच्चे



**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने स्कूली बच्चों पर बस्ते का बोझ हटाने का फैसला किया है। सरकार का मानना है कि बच्चे पर भारी बोझ से उनके समझने की क्षमता कम होती है। ऐसे में यह बोझ कम किया जाना चाहिए। राज्य के सभी स्कूलों में हर महीने 10 'बैग-मुक्त' दिन शुरू करने का फैसला किया है। यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किया गया है।

### पीएम कल नासिक में युवा महोत्सव शुरू करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के नासिक में राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मोदी युवाओं को संबोधित भी करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा उत्सव का थीम है ''मेरा भारत-विकसित भारत एट द रेट 2047-युवाओं के द्वारा-युवाओं के लिए रखा है ।

## अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

# गांव स्तर पर खेल का आधारभूत ढांचा होगा मजबूत: मनोहर लाल

**सीएम ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों से मांगे सुझाव**

**खिलाड़ी बोले,हरियाणा की खेल नीति से प्रोत्साहित युवा देख रहा खेलों में भविष्य**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अर्जुन अवॉर्ड से पुरस्कृत प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ी व कोच मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करने आए थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के तहत अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती) व दीक्षा डागर (गोल्फ) को बधाई दी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन खिलाड़ियों से सुझाव मांगे कि किस प्रकार से हरियाणा में खेलों को और बढ़ावा दिया जा सकता है। इस पर खिलाड़ियों ने हरियाणा की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और युवा वर्ग व बच्चे इस खेल नीति से प्रभावित होकर खेलों की और आकर्षित हुए हैं। प्रदेश के गांवों में युवा अब खेलों में भविष्य बनाने के लिए अभ्यास कर रहे हैं। इसके पहले सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने 'खेलो इंडिया' शुरू की थी।



### मेडल विजेताओं को सबसे अधिक कैश अवार्ड दे रहा हरियाणा

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से विचार साझा करते हुए कहा कि देश में मेडल विजेताओं को सबसे अधिक कैश अवॉर्ड हरियाणा में दिए जा रहे है। खिलाड़ी प्रदेश में खेलों की बेहतरी के लिए जो भी अच्छे सुझाव देंगे, उन्हें सरकार लागू करेगी। खिलाड़ियों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि जिला खेल अधिकारियों के माध्यम से गांवों में खेल के सामान की आवश्यकता के बारे में जानकारी मांगी गई है। वहां से डिमांड आने के बाद ग्राम पंचायतों के माध्यम से खेलों का सामान उपलब्ध करवा दिया जाएगा। हरियाणा में अब गांव-गांव तक खेल आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं की खेल प्रतिभाओं को बचपन से तराशा जा सके। लोकप्रिय खेलों में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्पेशलाइज्ड हाई पावर परफॉरमेंस सेंटर खोलने की रूपरेखा भी तैयार की जा रही हैं।

### इस मौके पर कई पदाधिकारी मौजूद थे

इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेतली, खेल विभाग के उप-निदेशक गिरिराज सिंह, अर्जुन अवॉर्डी कोच रोहताश दहिया, द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच महावीर सिंह, अर्जुन अवॉर्डी सुनील कुमार, कॉमन वेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता अनिल कुमार, ध्यानचंद अवॉर्डी कुलदीप मलिक, ओलम्पिक रैफरी अशोक कुमार, अर्जुन अवॉर्डी अंशुल मलिक, अर्जुन अवॉर्डी सरिता मोर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रीतिका, श्वेता व विशाल कालीरमन मौजूद रहे।

## 'वाइब्रेंट गुजरात' में बोलीं वित्त मंत्री

# पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी दुनिया की तीसरी ताकत होगी

- भारत बड़ी छलांग लगाने के करीब



एजेंसी ⏭ गांधीनगर

भारत 2027-28 तक पांच ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बात कही है। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान में 50 करोड़ से अधिक भारतीयों के पास बैंक खाते हैं, जबकि 2014 में यह संख्या 15 करोड़ थी।

वित्त मंत्री ने बताया है कि भारत को पिछले 8-9 साल में 595 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रुढ़िवादी अनुमानों के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। सीतारमण ने वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### 4 साल में बड़ी क्षमता बढ़ेगी

उन्होंने कहा कि संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे और हमारी जीडीपी उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर (पांच ट्रिलियन डॉलर) से अधिक हो जाएगी। एक रुढ़िवादी अनुमान है कि वर्ष 2047 तक हमारी अर्थव्यवस्था कम से कम 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी। इस समय भारत लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी उससे आगे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।

### 9 वर्षों में 595 अरब डॉलर विदेशी निवेश आया

वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत को वर्ष 2023 तक 23 वर्षों के दौरान 919 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस एफडीआई का 65 प्रतिशत यानी 595 अरब डॉलर मोदी सरकार के पिछले आठ-नौ वर्षों के कार्यकाल में आया है। उन्होंने वित्तीय समावेशन का जिक्र करते हुए कहा कि बैंक खाता रखने वाले लोगों की संख्या 50 करोड़ हो गई है जबकि 2014 में 15 करोड़ लोगों के पास ही बैंक खाते थे।

## भाजपाध्यक्ष नड्डा पार्टी पदाधिकारियों से मिले

# एनडीए का लक्ष्य:12 लोकसभा सीटें जीतना

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

मिशन पूर्वोत्तर पर असम पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की मां कामाख्या का आशीर्वाद लेकर नड्डा कोइनाधोरा स्थित गेस्ट हाउस लौट आए। नड्डा तीन दिन के पूर्वोत्तर दौरे पर हैं। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी बैठक और कोर समिति की बैठक में शामिल होंगे।

नड्डा मंगलवार रात 10 बजे गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के राज्य नेतृत्व ने बोरझार हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। बुधवार शाम 6.30 बजे बशिष्ठा स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में पार्टी की अहम बैठक में भी शामिल हुए।

### राज्य भाजपाध्यक्ष का ऐलान



#### पार्टियों ने लामबंदी शुरू की

लोकसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों ने लामबंदी शुरू कर दी है। इस बीच, असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता ने असम में 12 सीटों पर जीत का दावा किया है। राजग 14 में से 12 सीटें जीतने का लक्ष्य बना रहा है।

**हमारा लक्ष्य वोट प्रतिशत बढ़ाना**

हमारा लक्ष्य पिछले आम चुनावों की तुलना में अपना वोट शेयर 10 प्रतिशत बढ़ाना है। पार्टी इस बार उम्मीदवारों की जीत का अंतर भी बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा, एजीपी और यूपीपीएल के बीच सीट बंटवारे को लेकर हम फरवरी में बैठक करेंगे।

## अनुराग ठाकुर ने व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारत अमृतकाल से स्वर्णकाल में प्रवेश कर रहा है और यह एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री ने ठाणे में '38वें रामभाऊ म्हालगी स्मृति व्याख्यानमाला' को संबोधित किया। ठाकुर के हवाले से कहा गया, हम सभी को एक साथ लाकर 'सबका साथ, सबका विश्वास' पर राम राज्य की स्थापना चाह रहे।

## उत्तर भारत को आज से मिलेगी शीतलहर से राहत



### मौसम विभाग का पूर्वानुमान

*नई दिल्ली। घना कोहरा, शीतलहर और लो विजिबिलिटी ने पूरे उत्तर भारत को परेशान कर रखा है। 4-5 दिन से दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली में तो कई दिनों से सूर्य देव के दर्शन भी लोगों को नसीब नहीं हुए। उत्तर भारत के कई राज्यों में कोल्ड-डे की स्थिति है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से उत्तर पश्चिम भारत में कोल्ड डे से गंभीर कोल्ड डे की स्थिति कम होने वाली है।*

## कांग्रेस और आप में सीट बंटवारा



# दोनों में नहीं बनी बात, आज फैसले पर फिर टिकी निगाहें

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस और आप के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। सोमवार को बैठक में पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बताया कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर दूसरी मीटिंग होने वाली है। यह मीटिंग गुरुवार को होगी। दोनों पार्टियां भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव में एक साथ लड़ेंगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सीट बंटवारे को लेकर दोनों पार्टियों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई थी।

## आईआईएमसी के 55वें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बोले

# सावधान रहें 'डीपफेक' पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती

### फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें पत्रकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि 'डीपफेक', फेक न्यूज और गलत सूचनाएं पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है। आज कोई भी जान-बूझकर गलत सूचना फैलाने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर सकता है।

उन्होंने कहा कि इन जैसे संस्थानों से पढ़ाई करने वाले पत्रकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। इस अवसर पर आईआईएमसी के चेयरमैन आर जगन्नाथन, महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर और अपर महानिदेशक डॉ. निमिष रुस्तगी भी उपस्थित रहे।

### 65 विद्यार्थियों को किया सम्मानित




भारत मंडपम में आयोजित दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021-22 और 2022-23 बैच के विद्यार्थियों आईआईएमसी दिल्ली और क्षेत्रीय केंद्रों ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, कोट्टायम और जम्मू) को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके अलावा, दोनों बैचों के 65 विद्यार्थियों को भी अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान**

कोविंद ने कहा कि जनसंचार के शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईआईएमसी की पहचान 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के तौर पर है। भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान है। दुनिया की जरूरतों के हिसाब से आईआईएमसी अपने विद्यार्थियों को तैयार करता है। इसके लिए संस्थान के सभी प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

### नागरिकों को मिले सही जानकारी और तकनीक का दुरुपयोग न हो

कोविंद ने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने करियर की शुरुआत एक पत्रकार और मीडिया प्रोफेशनल के रूप में उस दौर में कर रहे हैं, जब तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। इसलिए हम सभी को नई तकनीकों के संभावित दुरुपयोग से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। आज पूरा देश और समाज फर्जी खबरों, गलत सूचनाओं, भ्रामक जानकारी और डीपफेक जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

## घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड

# भारत ब्रांड 'चना दाल' की बाजार में हिस्सेदारी एक चौथाई: रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'भारत ब्रांड' के तहत खुदरा बाजार में बेची जा रही चना दाल घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बनकर उभरी है।

इसने बाजार में उतारे जाने के चार महीनों में ही एक-चौथाई बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि किफायती होने के कारण इस दाल को उपभोक्ता काफी पसंद कर रहे हैं। अक्टूबर में जारी की गई भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अन्य ब्रांड की दाल लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम है।

- उपभोक्ता के सचिव रोहित सिंह ने दी जानकारी
- भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपए प्रति किलोग्राम




### एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती है

सचिव ने बताया कि इन एजेंसियों को बफर स्टॉक से कच्चा चना 47.83 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि उसकी खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं होनी चाहिए। एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती हैं, उसकी मिलिंग करती हैं और भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करने से पहले उसकी पॉलिश करती हैं।

### 21 राज्यों में की जा रही बिक्री

शुरुआत में इसकी बिक्री 100 खुदरा केंद्रों के जरिये की गई और अब 21 राज्यों के 139 शहरों में मौजूद 13,000 केंद्रों से इसकी बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इस कदम से दालों की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलने का दावा करते हुए कहा, दालों की कीमतें एक समूह के रूप में व्यवहार करती हैं।

### 2.28 लाख टन चना दाल बेची जा चुकी

सिंह ने कहा, 'ग्राहकों की प्रतिक्रिया इतनी अच्छी रही है कि देश में परिवारों के बीच सभी ब्रांड वाली चना दाल की 1.8 लाख टन मासिक खपत में से एक-चौथाई 'भारत' ब्रांड वाली चना दाल है।'बाजार में उतारे जाने के बाद से लगभग 2.28 लाख टन भारत ब्रांड चना दाल बेची जा चुकी है।

*उद्देश्य कीमतों पर अंकुश लगाना : चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का उपयोग करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका पार्श्व प्रभाव पड़ता है। सरकार घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से चने सहित विभिन्न प्रकार की दालों का बफर स्टॉक बनाकर रख रही है।*

## मेडी असिस्ट का आईपीओ 15 जनवरी को खुलेगा

**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों को 'थर्ड पार्टी' प्रशासन सेवाएं प्रदान करने वाली मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज ने अपने 1,172 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 397 से 418 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ 15 जनवरी को खुलकर 17 जनवरी को बंद होगा। एंकर निवेशक 12 जनवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 2,80,28,168 (या 2.8 करोड़) इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। ओएफएस के तहत कंपनी के प्रवर्तक - विक्रम जीत सिंह चटवाल, मेडिमेटर हेल्थ मैनेजमेंट और बेसेमर हेल्थ कैपिटल एलएलसी - शेयर बिक्री करेंगे।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) EICHR_VECV
REG. NO. UP86T6039-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 689123
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 25-01-2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARSHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

## सोना 50 रुपये टूटा चांदी में 450 रुपये का नुकसान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये घटकर 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना कल 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 450 रुपये गिरकर 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।'बुधवार को सोने का कारोबार थोड़ा कम हुआ। दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद के मुकाबले 50 रुपये कम है।' इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी अनुबंध के लिए सोने का भाव 86 रुपये बढ़कर 62,265 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

इसके अलावा चांदी का मार्च अनुबंध के लिए भाव 243 रुपये उछलकर 72,290 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री राजीव गेरा पुत्र श्री जगदीशलाल गेरा एवम श्रीमती ज्योति पत्नी श्री राजीव गेरा, दोनो निवासी - मकान संख्या 86, ब्लॉक - 10, गीता कॉलोनी, दिल्ली -110031, ने अपने पुत्र आशीष गेरा व पुत्रवधू वैशाली गेरा, से, उनके दुर्व्यवहार एवम बुरे आचरण से परेशान होकर, इन दोनों से अपने सभी प्रकार के रिश्ते नाते खत्म कर लिए हैं और अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए इन दोनो से मेरे मुवक्किलो का किसी भी प्रकार से कोई लेना देना नहीं है। इनके किसी भी कृत्य के लिए मेरे मुवक्किल जिम्मेदार नहीं होंगे।
सुव्रत सिंह तोमर, अधिवक्ता
बी-14/ए-38, मधु विहार, दिल्ली-92

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि आशीष @ मेसी, पुत्र कबीर थापा, निवासी राम चरण सिंह का मकान, दूसरी मंजिल, शनि मंदिर के पास, गढ़वाल कॉलोनी वार्ड नंबर 2, महरौली, नई दिल्ली. ने Case e-FIR No. 000381/2023 U/s 380/411 IPC, थाना किशनगढ़, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त आशीष @ मेसी मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त आशीष @ मेसी फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि Case e-FIR No. 000381/2023 U/s 380/411 IPC, थाना किशनगढ़, दिल्ली के उक्त अभियुक्त आशीष @ मेसी से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 15.02.2024. को या इससे पूर्व हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री अनिमेष भास्कर मणि त्रिपाठी
महानगर दण्डाधिकारी–02
कोर्ट नं–20, मुख्य भवन
पटियाला हाउस, न्यायालय, दिल्ली।
DP/324/SW/2024

## चीन से तीन उत्पादों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- व्हील लोडर, जिप्सम टाइल्स और लेजर मशीनरी के लिए लगा
- शुल्क डीजीटीआर की सिफारिश के बाद लगाया गया

भारत ने चीन से आयातित तीन उत्पादों- व्हील लोडर, जिप्सम टाइल्स और औद्योगिक लेजर मशीनरी पर पांच वर्ष के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगा दिया है। यह शुल्क वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश के बाद लगाए गए हैं। इन उत्पादों के घरेलू विनिर्माताओं को चीन से होने वाले सस्ते आयात से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

डीजीटीआर ने इस संबंध में की गई शिकायतों की जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि इन उत्पादों को भारतीय बाजारों में सामान्य से कम कीमत पर भेजा गया है। यह सस्ते उत्पादों को दूसरे बाजार में खपाने यानी डंपिंग की कार्रवाई है। इन उत्पादों की डंपिंग से घरेलू उद्योग को काफी नुकसान हुआ है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की अलग-अलग अधिसूचनाओं के मुताबिक, कम-से-कम एक तरफ लेमिनेशन वाले जिप्सम बोर्ड/टाइल्स पर शुल्क लगाया गया है। इस तरह के शुल्क औद्योगिक लेजर मशीनों पर भी लगाए गए हैं जिनका उपयोग काटने या वेल्डिंग में किया जाता है।

### टफेंड ग्लास पर भी लगा शुल्क

इसी तरह पूरी तरह से निर्मित इकाई के रूप में आयात किए जाने वाले व्हील लोडर पर भी शुल्क लगाया गया है। इससे पहले चीन से आयातित टफेंड ग्लास और फ्लैक्स यार्न की कुछ किस्मों पर भी डंपिंग-रोधी शुल्क लगाए गए थे।

## रेडिसन समूह ने अयोध्या में खोला होटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रेडिसन होटल समूह ने अयोध्या में अपना होटल खोलने की बुधवार को घोषणा की। शहर में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह घोषणा की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, पार्क इन बाय रेडिसन का अयोध्या स्थित 80 कमरे का होटल राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर और सीता की रसोई जैसे उल्लेखनीय स्थलों के पास स्थित है। रेडिसन होटल समूह के मानद चेयरमैन एवं प्रमुख सलाहकार (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने कहा, 'हम अयोध्या में अपने नए होटल के उद्घाटन से खुश हैं। इससे उसे पवित्र शहर में शुरुआती बढ़त मिलेगी। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा ऐतिहासिक स्थलों की वजह से अयोध्या की हमारे देश के दिल में एक खास जगह है। उन्होंने कहा, 'यह विस्तार भारत के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में बेहतरीन आतिथ्य अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## बीते साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़ी



**मुंबई।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बीते साल (2023 में) सालाना आधार पर 49.25 प्रतिशत बढ़कर 15,29,947 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, ईवी उद्योग ने 2022 में कुल 10,25,063 वाहन बेचे थे। हाल ही में समाप्त वर्ष में दोपहिया ईवी की बिक्री 36.09 प्रतिशत बढ़कर 8,59,376 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,31,464 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 65.23 प्रतिशत बढ़कर 5,82,793 इकाई हो गई, जो 2022 में 3,52,710 इकाई थी। ई-वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 114.16 प्रतिशत बढ़कर 5,673 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 2,649 इकाई रही थी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल 114.71 प्रतिशत बढ़कर 82,105 इकाई हो गई, जो 2022 में 38,240 वाहन थी।

पहचान की अपील
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** 35 साल, **कद:** 5'7", **पहचान चिह्न:** बायीं भौंह पर पुराना कटे का निशान, **पहनावा:** लाल रंग की शर्ट और हल्के हरे रंग की जैकेट व ग्रे रंग की पैंट पहने हुए है। जो दिनांक 08.01.2024 को दुकान नंबर 1 के सामने फुटपाथ, मेट्रो गेट नंबर 5 के पास आईटीओ चौक, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में **डीडी संख्या. 47A दिनांक 08.01.2024 को पुलिस थाना आईपी एस्टेट, दिल्ली में दर्ज है।**
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना आईपी एस्टेट, दिल्ली
DP/437/CD/2024 Ph. : 011-23370928, 23378487, 8750870426



## देश की अर्थव्यवस्था 4,000 अरब डॉलर के पार होगी

- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स को 2024-25 में होने की संभावना
- आरबीआई रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर के पार हो जाने की उम्मीद है। वहीं 2026-27 तक इसके बढ़कर 5,000 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। उद्योग मंडल ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक 2024 के अंत तक सोच-विचार कर रेपो दर में एक प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत विकास का सबूत दिखा रही है... उपयुक्त नीतिगत उपायों के जरिये आने वाले दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न जोखिम को कम करने को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।'इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। देश 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''देश भविष्य की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।

## रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया बुधवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.02 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर खुला।

निदेशालय मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला
सार्वजनिक सूचना
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिले कक्षा चौथी से बारहवीं में सरकारी विद्यालयों से निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में मुख्यमंत्री समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान (CHEERAG) स्कीम के तहत करने बारे।
शैक्षणिक वर्ष 2024-25
यह सूचना, हरियाणा राज्य के निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं जनसाधारण की जानकारी के लिये है कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में जिनके अभिभावकों की वार्षिक सत्यापित आय परिवार पहचान पत्र अनुसार **1 लाख 80 हजार रूपए या उससे कम है,** उनके दाखिले कक्षा **चौथी से बारहवीं तक** निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में करवाये जाने बारे समय सारणी जारी की जाती है जो निम्नानुसार हैः-
1. मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय इस स्कीम के अंतर्गत छात्रों के दाखिले करने बारे अपनी सहमति विभाग की वैबसाईट https://harprathmik.gov.in/ व https://schooleducationharyana.gov.in पर Latest News सैक्शन के Seat Declaration under CHEERAG Scheme (2023-24) पर दिनांक **10.01.2024 से 10.02.2024 तक** दर्ज करवा सकते हैं।
2. सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की कक्षावाईज घोषित सीटों का विवरण विभागीय वैबसाईट / पोर्टल पर दर्शाया जाएगा व सम्बन्धित विद्यालय दिनांक 10.03.2024 से नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेगा।
3. इस स्कीम के तहत केवल वही छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त या उत्तीर्ण की होगी।
4 सम्बन्धित निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आवेदन करने की तिथि **दिनांक 15.03.2024 से 31.03.2024 तक** होगी तथा वे अपने वर्तमान खण्ड जिसमें वह पहले से पढ़ रहे हैं, में ही आवेदन करेंगे।
5. जिन विद्यालयों में दर्शायी गई सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो उस स्थिति में दाखिले हेतु लाटरी के माध्यम से **दिनांक 01.04.2024 से 05.04.2024 की** अवधि में ड्रॉ निकाले जाएँगे तथा सम्बन्धित अभिभावकों को लॉटरी ड्रॉ निकालने के समय / तिथि बारे सूचित करेंगे तथा उनकी उपस्थिति में ड्रॉ निकाला जाएगा।
6. मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय प्राप्त आवेदनों पर **दिनांक 01.04.2024 से 10.04.2024 तक** दाखिले की प्रकिया सम्पन्न करेंगे तथा सफल छात्रों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शायेंगे।
7. लॉटरी ड्रा के पश्चात मुख्य सूची में सफल छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि तक दाखिला न लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले **दिनांक 15.04.2024 तक** किये जाएंगे तथा इस दौरान विद्यालयों द्वारा दाखिल विद्यार्थियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर **दिनांक 01.04.2024 से 15.04.2024 तक** दर्ज कराना आवश्यक होगा।
हस्ता/-
निदेशक मौलिक शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला।
पीआरडीएच-1132/11/59/2024/24061/88/7 दि. 10/01/24

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला:** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर:** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ:** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## डेल्टा कॉर्प ने जीएसटी मांग को मनमाना बताया


**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनी डेल्टा कॉर्प ने कहा कि 23,200 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी की मांग मनमानी और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है लिहाजा उसने इस कर भुगतान के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। 2023 को एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.48 करोड़ रुपये रहा।

## शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरे, सेंसेक्स 271 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक से अधिक के उछाल के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार एक समय निचले स्तर पर चला गया था लेकिन अंत में मानक सूचकांकों में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में लिवाली से इसमें तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, इस सप्ताह मुद्रास्फीति और आईआईपी (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) के आंकड़े आने पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। बाजार की शुरुआत हल्की रही और कारोबार के दौरान घट-बढ़ होती रही। अंत में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 271.50 अंक बढ़त के साथ 71,657.71 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 73.85 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,618.70 अंक पर बंद हुआ।

### शब्द पहेली - 5391



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5390 का हल



### सूडोकु नवताल - 5401

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5400 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## खबर संक्षेप



### राशिद भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर

**मोहाली।** अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में अपने 'ट्रंप कार्ड' राशिद खान के बिना ही खेलेगी लेकिन कप्तान इब्राहिम जदरान को टीम से अपने मजबूत प्रारूप में अच्छे प्रदर्शन उम्मीद है। वनडे विश्व कप के बाद नवंबर में राशिद ने पीठ की सर्जरी कराई थी, उन्हें टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह 'रिहैबिलिटेशन' के कारण तीनों मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। जदरान ने कहा, 'वह पूरी तरह से फिट नहीं है। वह 'रिहैबिलिटेशन' कर रहा है। हमें श्रृंखला में उसकी कमी खलेगी।'

### गोल नहीं गंवाने का श्रेय महेश को मिले

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम ने 2023 में नौ मैचों में विरोधी टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया और स्टार सेंटर बैक संदेश झिंगन ने



डिफेंडरों की सफलता का श्रेय टीम के सहायक कोच और पूर्व गोलकीपर महेश गवली को दिया। झिंगन ने कहा, 'महेश भाई अपने खेलने के दिनों से दिग्गज रहे हैं और अब हमें उनके अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल को बहुत कुछ दिया है। जब विरोधी टीम को गोल नहीं गंवाने के लिए हमारी तारीफ होती है तो इसका श्रेय उन्हें भी दिया जाना चाहिए।'

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच होंगे एडम्स

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आंद्रे एडम्स को 12 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ



शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए टीम का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। एडम्स पांच मैचों की श्रृंखला के लिए मुख्य कोच गैरी स्टीड की टीम का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल है। एडम्स 2023 में महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तेज गेंदबाजी कोच रहे थे।

### आईआईएस बेल्लारी ने 23 खिलाड़ियों को निष्कासित किया

**बेंगलुरु।** जेएसडब्ल्यू 'इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स' (आईआईएस) ने हाल में कर्नाटक के बेल्लारी स्थित अपने सेंटर के परिसर के अंदर सीरींज मिलने के बाद 23 खिलाड़ियों को निष्कासित कर दिया और अब उसकी निगाहें डोपिंग रोधी एजेंसी जैसे वाडा और नाडा के साथ सहयोग लेने पर लगी हैं। ये खिलाड़ी विभिन्न खेलों के थे और उन्हें पिछले साल अक्टूबर में परिसर से बाहर कर दिया गया। आईआईएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूशदी वार्ले ने पीटीआई को एक बयान में कहा, ''हमें परिसर के अंदर कुछ सीरींज मिली थी और खिलाड़ियों को आईएसएस की कड़ी आंतरिक नीतियों का पालन नहीं करने के लिए अनुशासनात्मक आधार पर निष्कासित कर दिया गया।'' वार्ले ने कहा कि आईआईएस अपने सेंटर में डोपिंग रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हरमनप्रीत से कोई शत्रुता नहीं : हीली



**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच शत्रुता पनपने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वे कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। टेस्ट मैच के दौरान हरमनप्रीत ने बल्लेबाजी के दौरान हताशा में एलिसा की तरफ गेंद फेंकी। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई।

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग अगले दौर में, प्रणय पहले दौर में हारे

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शुरुआत जीत से करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में हार गए।

सात्विक और चिराग की दूसरे नंबर की युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी ओर मौलाना बगास की जोड़ी को 44 मिनट में 21-18, 21-19 से पराजित किया। दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने पिछले साल भारतीय जोड़ी को थाईलैंड ओपन और चाइना ओपन में दो बार पराजित किया था।



### 2023 में जीते चार खिताब

*सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पिछले साल शानदार फॉर्म में थी जिसमें उन्होंने हांगझोउ एशियाड, इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब, कोरिया ओपन सुपर 500 खिताब और स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता था जिससे उन्होंने थोड़े समय के लिए करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की थी।*

### 43 मिनट में हारे प्रणय

*विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज प्रणय को अपने एक रैंकिंग स्थान नीचे काबिज खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 43 मिनट में 14-21, 11-21 से हार मिली। पिछले चरण में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे सात्विक और चिराग की जोड़ी अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर ड्रा में आगे तक पहुंचना चाहेगी।*



### दो सेट में मिली जीत

भारतीय जोड़ी ने ताकतवर स्मैश से पहले गेम में दबदबा बनाते हुए 8-4 से बढ़त हासिल की और फिर इसे अपने नाम करने तक पिछड़े नहीं। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ज्यादातर समय पिछड़ती रही लेकिन एक बार 19-19 की बराबरी के बाद उन्होंने अंत के दो अंक अपने खाते में डालकर जीत हासिल की।

### प्रणय ने किया निराश

प्रणय का भी पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में कांस्य पदक जीतने के अलावा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब भी जीता था। लेकिन सत्र के शुरुआती मैच में वह अपने प्रतिद्वंद्वी की तेजी के साथ बराबरी नहीं कर सके। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ करेंगे।

## क्रिकेट : टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया के पास बचे सिर्फ तीन मैच

# रोहित करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी सीरीज के पहले टी20 से हटे कोहली

एजेंसी ▶▶| मोहाली

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच में गुरुवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी क्योंकि विराट कोहली 'निजी कारणों' से इस मुकाबले से हट गए हैं। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं। रोहित और कोहली दोनों इस श्रृंखला के साथ 14 महीने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित युवा यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे।



### मैच को लेकर बना रोमांच

दूसरी ओर रोहित दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान** : इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब , राशिद खान।



### रोहित-गिल करेंगे ओपनिंग

पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी। यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं लेकिन पारी की शुरुआत रोहित के साथ शुभमन गिल ही करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिए तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी।

# कुलदीप ने मौके को भुनाया चहल को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि युजवेंद्र चहल अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाई के स्पिनरों में से है लेकिन कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के चलते उन्हें अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा। ताहिर का मानना है कि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप मौकों को भुनाने में कामयाब रहे हैं।

चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी उनका चयन मुश्किल है। ताहिर ने बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि युजी को खराब फॉर्म के कारण बाहर किया गया है। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा था लेकिन कुलदीप जबर्दस्त फॉर्म में है और उसने रविंद्र जडेजा के साथ गेंदबाजी में अच्छा तालमेल बना लिया है। मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनरों में से है और उसे अपनी बारी का इंतजार करना होगा। उसके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ी के शानदार फॉर्म के कारण। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि वह वापसी करेगा।'

# अंडर-19 विश्व कप के मैच अधिकारियों में दो भारतीय

ICC UNDER19 CRICKET WORLD CUP NEW ZEALAND 2018

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आगामी अंडर-19 पुरुष विश्व कप के लिए बुधवार को मैच अधिकारियों की घोषणा की जिसमें भारत के दो प्रतिनिधि अंपायर केएनए पद्मनाभन और मैच रैफरी नारायणन कुट्टी भी शामिल हैं। अंडर-19 विश्व कप 19 जनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के कुल 41 मैच के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रैफरियों को चुना गया है।

शुरुआती ग्रुप चरण मैच के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि कर दी गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले ईस्ट लंदन मैच में भारत के पद्मनाभन के साथ बोंगानी जेले भी मैदानी अंपायर होंगे। भारत के कुट्टी मैच के रैफरी होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के फिल गिलेस्पी टीवी अंपायर और जिम्बाब्वे के फोर्सस्टर मुतिजवा चौथे अंपायर होंगे।

# नैन्सी ने स्वर्ण और इलावेनिल ने क्वालीफायर में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

उभरती हुई निशानेबाज नैन्सी और ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान ने बुधवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। जूनियर विश्व टीम की चैंपियन नैन्सी ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 252.8 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं हमवतन इलावेनिल मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं, उन्होंने 252.7 अंक से रजत पदक जीता। भारत मामूली अंतर से



महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में क्लीन स्वीप से भी चूक गया।

मेहुली घोष 210 अंक से चीन की शेन युफान से पीछे चौथे स्थान स्थान पर रहीं। वहीं भारत के विश्व चैंपियन निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में 228.7 अंक से कांस्य पदक जीता। इसमें चीन के मा सिहान (251.4) ने स्वर्ण और कोरिया के दाएहान चो ने रजत पदक हासिल किया। फाइनल में पहुंचे एक अन्य भारतीय अर्जुन बबुता छठे स्थान पर रहे।

### तदर्थ समिति के गठन को चुनौती देगा डब्लूएफआई

**प्रयागराज।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने देश में कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर बुधवार को यहां कहा कि डब्लूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। यहां एक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार वो (खेल मंत्रालय) ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते।' डब्लूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर चले विवादों पर उन्होंने कहा, 'कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे हतोत्साहित हैं। दूसरे पक्ष ने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए क्या नहीं किया।'

### भारत-अफ्रीका बने संयुक्त चैंपियन...



**जोहानिसबर्ग।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए बुधवार को यहां होने वाला त्रिकोणीय अंडर-19 एकदिवसीय टूर्नामेंट का फाइनल बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मैच अधिकारियों ने निर्धारित कट ऑफ समय तक इंतजार किया और कम से कम 20 ओवर के मुकाबले की संभावना को नहीं देखते हुए मैच रद्द कर दिया।

## 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होगा चार देशों का टूर्नामेंट

# भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।

टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथ में ही होगी जबकि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ



खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी पहली बार सीनियर स्तर पर खेलेंगे। गोलकीपिंग में पवन को कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के साथ मौका दिया गया है। पिछले टूर्नामेंट से ब्रेक पर रहे अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने इस दौरे के बारे में कहा, 'ओलंपिक सत्र की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित है जहां हमें बेहतरीन टीमों से खेलने का मौका मिलेगा। हमने बड़ी टीम चुनी है ताकि सभी खिलाड़ियों को मौका मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। दो जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं जिन पर नजरें रहेंगी।'

### 22 को भारत का पहला मैच

भारतीय टीम 22 और 24 जनवरी को फ्रांस से (दोपहर 2.30 से), 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से (रात 9. 30 से) और 28 जनवरी को नीदरलैंड से (दोपहर दो बजे से) खेलेगी।

**भारतीय टीम** : गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, कृशन पाठक और पवन।
**डिफेंडर** : जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरूण कुमार, सुमित, संजय, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम
**मिडफील्डर** : विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह
**फॉरवर्ड** : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी।

रेल यात्रीः कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण सूचना
रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएगी:–

09617/09618 रेवाड़ी–रोहतक–रेवाड़ी
अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 09617 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09618 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:55 | रेवाड़ी | 04:15 | --- |
| 00:03 | 00:04 | गोकलगढ़ | 03:48 | 03:49 |
| 00:15 | 00:16 | पल्हावास | 03:36 | 03:37 |
| 00:28 | 00:29 | मच्छरौली | 03:23 | 03:24 |
| 00:40 | 00:42 | झज्जर | 03:09 | 03:11 |
| 00:57 | 00:58 | डीघल | 02:55 | 02:56 |
| 01:10 | 01:11 | अस्थल बोहर | 02:41 | 02:42 |
| 01:30 | --- | रोहतक | --- | 02:35 |

चलने के दिन : 09617 रेवाड़ी से दिनांक 31.03.2024 तक (प्रतिदिन) और 09618 रोहतक से दिनांक 11.01.2024 से 01.04.2024 तक (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य श्रेणी

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
आज़ादी का अमृत महोत्सव
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय 121/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# 'भगवा रंग' में रंगेगा फ्रांस का एफिल टॉवर

## पोस्टर-बैनर से सुशोभित होगा 'टॉवर'

**'विश्व कल्याण यज्ञ'**

*पेरिस। अयोध्या में भगवान श्रीराम की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले 21 जनवरी को फ्रांस की राजधानी और 'प्रेम का शहर' नाम से प्रसिद्ध पेरिस में 'राम रथ यात्रा' सुबह 10.30 बजे ला चैपल में गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना और 'विश्व कल्याण यज्ञ' के साथ शुरू होगी। जो विभिन्न स्थलों से होकर प्लेस डी ट्रोकैडेरो स्थित प्रतिष्ठित 'एफिल टॉवर' पर दोपहर 3 बजे समाप्त होगी। एफिल टॉवर पर पूजा-अर्चना और आरती होगी। भगवान राम के विशाल पोस्टर और बैनर एफिल टॉवर के आसपास के क्षेत्रों को सुशोभित करेगा। पोस्टर और बैनर का ऑर्डर दिया गया है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और भगवान राम के गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।*





**इसलिए दुनिया में है मशहूर टॉवर**

- 324 मीटर ऊंचा
- 1063 फीट में ऊंचाई
- 1889 में निर्माण
- 10100 टन वजनी
- 780 रुपए एंट्री फीस
- सीन नदी पर बना टॉवर

1. अयोध्या से 7,000 किमी दूर पेरिस भी राम के रंग में रंगने को तैयार
2. पेरिस में भी गूंजेगा जय श्री राम, एक दिन पहले... रथ यात्रा
3. भगवान श्रीराम की 'प्राण प्रतिष्ठा' का काउंटडाउन शुरू
4. पेरिस को व्यापक रूप से प्रेम के शहर के रूप में जाना जाता है

---

## खबर संक्षेप

### परेड में पहली बार दिखेगा 'सी 130 जे विमान'



**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी की परेड में एक विशाल विमान भी दिखेगा। इस विमान का नाम सी 130 जे सुपर हरक्यूलिस है। इसे इसी सप्ताह रात को कारगिल एडवांस लर्निंग ग्राउंड पर उतारा गया था। पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा पर 10,500 फुट की ऊंचाई पर इसे उतारा गया। ये रणनीतिक तौर पर बहुत अहम है। विमान पर गरुड़ कमांडर थे। ये विमान चीन से लगे दौलत बेग ओल्डी एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर भी उतारा जा चुका है। ये बहुत छोटे रनवे पर उतर सकता है।

### पाक से अंजू 10 दिन में वापस आना चाहती थी...



**इस्लामाबाद।** अंजू ने पड़ोसी देश के बारे में कई नई बातें कही हैं। अंजू का कहना है कि वो पाकिस्तान में करीब 5 महीने रुकीं जरूर, लेकिन ये उनकी प्लानिंग का हिस्सा नहीं था। अंजू एक महीने का वीजा लेकर पाक नसरुल्ला से मिलने गई थीं और वह एक से दो हफ्ते में वापस आ जाना चाहती थीं। उनका वहां जाकर नसरुल्ला से शादी का भी इरादा नहीं था। मीडिया में इतना हल्ला मच गया कि एक अजीब सा माहौल खड़ा हो गया। इससे मैं प्रेशर में आ गई थी, जिसके कारण और रुकी रही।

---

काम के घंटे कम करने पर अड़े

# जर्मनी में... ट्रेन स्ट्राइक लाखों लोग हो रहे परेशान



एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी में अचानक हुई ट्रेन स्ट्राइक से लाखों लोग परेशान हैं। जर्मनी के ट्रेन ड्राइवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ ने काम के घंटों और वेतन को लेकर राज्य के स्वामित्व वाले मुख्य रेलवे ऑपरेटर के साथ विवाद के बाद बुधवार सुबह 3 दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। ट्रेनों के न चलने से रेलवे स्टेशनों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। देश भर में और कई शहरों में ट्रेन यात्रा लगभग ठप हो गई है।

यात्री बस या कार यात्रा या फ्लाइट से लेकर लंबी दूरी के लिए ट्रेन के दूसरे विकल्प खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राज्य के स्वामित्व वाली डॉयचे बान ने कहा कि लंबी दूरी की केवल 20% ट्रेनें चल रही थीं। बर्लिन में कम्प्यूटर ट्रेनें भी परिचालन में नहीं थीं। मालगाड़ियों को लेकर जीडीएल यूनियन की हड़ताल मंगलवार शाम से शुरू हो गई।

### इन मांगों को लेकर हड़ताल की गई

वेतन वृद्धि के अलावा, केंद्रीय मुद्दा यूनियन की मांग है कि वेतन कटौती के बिना शिफ्ट श्रमिकों के घंटों को प्रति सप्ताह 38 से घटाकर 35 घंटे किया जाए, जिस मांग पर नियोक्ता अब तक अड़े हुए हैं। जीडीएल का तर्क है कि यह रेलवे के लिए काम को और अधिक आकर्षक बना देगा और नई भर्तियों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जबकि डॉयचे बान का कहना है कि मांग व्यावहारिक रूप से पूरी नहीं की जा सकती है। जर्मनी के परिवहन मंत्री वोल्कर विसिंग ने कहा कि मैं दोनों पक्षों से बातचीत पर लौटने का आग्रह करता हूं।

### किसान भी हड़ताल पर

ट्रेन चालकों की हड़ताल के साथ ही वहां किसानों की भी हड़ताल चल रही है, जो सोमवार से देश के कुछ हिस्सों में शहर की सड़कों और राजमार्ग पहुंच मार्गों को अवरुद्ध कर रहे हैं। उन्होंने कृषि में इस्तेमाल होने वाले डीजल पर टैक्स छूट खत्म करने की सरकारी योजना के विरोध में अपने ट्रैक्टरों से यातायात बाधित कर दिया है और इससे जर्मनी में यातायात की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

---

मांग- विदेश मंत्री को संसद में तलब किया जाए, सरकार मांगे माफी

# भारत विरोधी बयान पर मालदीव में दो फाड़, मोदी के पक्ष में सांसद नसीम

एजेंसी ▶▶ माले

पीएम मोदी के खिलाफ मालदीव के नेताओं के जरिए विवादित बयान के बाद से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। मालदीव में विपक्षी नेता लगातार इस मुद्दे पर मालदीव पर सरकार पर हमलावर हैं।

मोहम्मद मुइज्जू सरकार के मंत्री के जरिए पीएम मोदी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीतिक भूचाल आ चुका है।

मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भारत के साथ बिगड़ते रिश्तों के लिए मोहम्मद मुइज्जू सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, बुधवार को मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद मिकाइल अहमद नसीम ने देश के संसद अध्यक्ष से इस मामले पर विदेश मंत्री को संसद में तलब करने का आग्रह किया है।

- विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीति में आया भूचाल
- विपक्षी नेता मोदी विरोधी मुद्दे पर मालदीव सरकार पर हमलावर





- फैयाज इस्माइल बोले खराब हो रही है मालदीव की प्रतिष्ठा
- भारत से बिगड़ते रिश्तों के लिए मुइज्जू जिम्मेदार

### बांग्लादेश की दो टूक: चीन की गोदी में नहीं खेलेंगे



*ढाका। पिछले पांच दिनों से चल रहे भारत और मालदीव के बीच भी विवाद में अब बांग्लादेश भी कूद पड़ा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने कहा है कि बांग्लादेश चीन के आगे ऐसे नहीं टूटेगा, जैसे मालदीव टूट गया है। उन्होंने कहा कि हमारी आजादी के लिए भारत ने अपना खून बहाया है। भारत, हमेशा से सबसे बड़ा मददगार रहा है, इसीलिए हमारे भारत के साथ कभी भी रिश्ते खराब नहीं होंगे। बांग्लादेश में चीन का बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं है।*

### संसद में हो पूछताछ

सांसद मिकाइल अहमद नसीम ने कहा कि पीएम मोदी और भारत के खिलाफ की गई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टिप्पणियों पर पूछताछ के लिए मैंने संसद अध्यक्ष से विदेश मंत्री को संसद में तलब करने की गुजारिश की है। मिकाइल अहमद नसीम का कहना है कि इस मामले पर संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। सरकार औपचारिक माफी जारी करे।

### फैयाज की सलाह

मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष फैयाज इस्माइल ने कहा कि नेताओं की टिप्पणी से मालदीव की प्रतिष्ठा खराब हो रही है। मालदीव सरकार को भारत सहित पूरी दुनिया को यह बताना चाहिए कि पीएम मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने वाले नेताओं ने अपने विचार प्रकट किए। इन टिप्पणियों से मालदीव सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।

### नेताओं के बिगड़े बोल


मालदीव की सूचना और कला उप मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव के सदस्य जाहिद रमीज ने लक्षद्वीप पर तंज कसते हुए कहा था, भारत हमसे कंपटीशन करना चाहता है। वे हमारी जितनी व्यवस्था कैसे दे पाएंगे। वे इतने साफ-सफाई कैसे रख पाएंगे?

---

### रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग पर वार्ता

## राजनाथ ने लंदन के मंदिर में पूजा की

**लंदन।** भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीन दिवसीय यात्रा पर लंदन में हैं। वहां रक्षामंत्री सिंह व्हाइटहॉल में हॉर्स गार्ड्स परेड में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। वहां अपने समकक्ष दोनों नेताओं की बीच रक्षा, सुरक्षा पर चर्चा की।



- मध्य लंदन में 20वीं सदी के स्मारक में राष्ट्रपिता गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की
- स्वामीनारायण मंदिर को ब्रिटेन का पहला सच्चा हिंदू मंदिर माना जाता है
- 2002 में भारत के रक्षा मंत्री ने पहली बार ब्रिटेन की यात्रा की थी

---

सीनेट में राष्ट्रपति बाइडेन ने फिर भेजा प्रस्ताव

## भारतीय मूल के डॉ. मूर्ति डब्ल्यूएचओ में शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल के डॉक्टर को अमेरिका का प्रतिनिधि चुना है। बाइडेन ने यूएस सर्जन जनरल डॉ विवेक मूर्ति को विश्व स्वास्थ्य संगठन के बोर्ड में प्रतिनिधि बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने 8 जनवरी को व्हाइट हाउस की तरफ से सीनेट में प्रस्ताव भेजा गया। बता दें कि डॉ विवेक दूसरी बार अमेरिका के प्रतिनिधि बनकर डब्ल्यूएचओ के कार्यकारी बोर्ड में शामिल होंगे। उनका परिवार भारत के कर्नाटक राज्य का रहने वाला है। वे 45 साल पहले इंग्लैंड चले गए थे।

### 14 महीने से लंबित

46 साल के चिकित्सक डॉ विवेक मूर्ति का नाम दोबारा भेजा गया है। उन्हें सहमति का इंतजार बीते लगभग 14 महीने से हो रहा है। प्रस्ताव अक्टूबर 2022 से ही सीनेट में लंबित है। व्हाइट हाउस ने बताया कि डॉ मूर्ति भारतीय मूल के पहले अमेरिकी सर्जन जनरल हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। मार्च 2021 में सीनेट ने देश के 21वें सर्जन जनरल के रूप में डॉ विवेक के नाम को मंजूरी दी थी। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकाल में सेवाएं दी थीं।



### डॉक्टर के अलावा और भी रूपों में हैं लोकप्रिय

मियामी में पले-बढ़े डॉ विवेक ने डॉक्टरी की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मेडिसिन से जबकि प्रबंधन की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से की। उनकी पहचान शोध करने वाले वैज्ञानिक, उद्यमी और लेखक के रूप में भी है। डॉ विवेक की टीम में 6000 स्वास्थ्य अधिकारी हैं। डॉ विवेक अमेरिका की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा- यूएस हेल्थ सर्विस के कमीशन्ड कोर में वाइस एडमिरल का पदभार भी संभालते हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट ने कायम रखी सजा

## मरने के एक साल बाद भी मुशर्रफ को सजा-ए- मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिवंगत पूर्व सैनिक तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ की राजद्रोह के मामले में 2019 में एक विशेष अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा। 1999 में कारगिल जंग के सूत्रधार और पाक के अंतिम सैन्य शासक मुशर्रफ की लंबी बीमारी के बाद पिछले साल 5 फरवरी को दुबई में मौत हो गई थी। वह 2016 से स्व-निर्वासन में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे। 17 दिसंबर, 2019 को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के कार्यकाल के दौरान उनके नवंबर 2007 में आपातकाल लागू करने को लेकर उनके खिलाफ उच्च राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था।

---

केंद्र सरकार की स्वर्णिम चतुर्भुज महत्वाकांक्षी योजना

# 6 हजार किमी के इलेक्ट्रिक हाईवे पर दौड़ेंगे इलेक्ट्रिक वाहन, जुड़ेंगे कई शहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में ईवी-रेडी हाईवे बनेगा। भारत सरकार गोल्डन क्वाड्रिलेटरल पर इलेक्ट्रिक वाहन-सक्षम हाईवे का निर्माण करने की योजना बना रही है। इससे ईंधन की खपत और वाहनों के उत्सर्जन को कम किया जा सके। सरकार का लक्ष्य अगले 7 वर्षों में 6 हजार किमी तक ऐसे राजमार्गों का विकास करना है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा। ये हाईवे ग्रीन एनर्जी स्रोतों द्वारा संचालित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस होंगे।

**खास बातें**

- 8 लाख डीजल बसें ईवी में बदली जाएंगी
- 2030 तक योजना होगी साकार
- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई को जोड़ेगा हाईवे



### पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा होगा नाम

*विजन 2030 पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा के नाम से जाना जाने वाला यह प्रयास इलेक्ट्रिक बसों के शुभारंभ के साथ ही होगा। ईवी-सक्षम हाईवे और इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती के अलावा, सरकार ने 2030 तक 8 लाख पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदलने के लिए हितधारकों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। इसमें 2 लाख इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।*

### जर्मनी में 109 किमी का ई-हाईवे

इलेक्ट्रिक हाईवे ऊपर लगी इलेक्ट्रिक लाइनों के जरिए चलते वाहनों को बिजली की आपूर्ति करके एक ऊर्जा-कुशल समाधान हैं। इस समय, जर्मनी के बर्लिन में दुनिया का सबसे लंबा ई-हाईवे है, जो 109 किमी का है और सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए चालू है।

### भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क

स्वर्णिम चतुर्भुज भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क है। जो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के चार प्रमुख शहरों को जोड़ता है। ई-राजमार्गों के निर्माण से लॉजिस्टिक लागत कम करने और उत्सर्जन को रोकने के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109